卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 74 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦शनिवार ♦20 दिसम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# किसानों की खुशहाली सरकार की प्राथमिकता: धामी

## हरिद्वार में मुख्यमंत्री ने किया 'मशरूम ग्राम' का उदघाटन,मुख्यमंत्री ने केन्द्र एवं प्रदेश की योजनाओं से किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया







हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज 'स्वरोजगार से रोजगार की ओर' कार्यक्रम के तहत मशरूम उत्पादन एवं स्वरोजगार महा अभियान में मशरूम ग्राम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से स्वावलंबन की दिशा में प्रोत्साहित कर रही है। मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, जिससे युवाओं को न केवल सरकारी नौकरियों बल्कि प्राइवेट सेक्टर में भी रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका की सराहना की और कहा कि मातृशक्ति के माध्यम से महिलाएँ न केवल आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि दूसरों को रोजगार देने में भी सक्षम हो रही हैं। सीएम धामी ने केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा आज पीएम किसान निधि योजना के तहत देश भर के करोड़ों किसानों को सीधे लाभ मिल रहा है। पूर्व में किसान योजनाओं के लाभ से वंचित रहते थे, लेकिन अब यह लाभ सीधे उनके बैंक खातों में पहुँच रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री ने मशरूम ग्राम की महत्वता पर बल देते हुए कहा कि यह परियोजना किसानों और महिला समूहों के लिए रोजगार सृजन का मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि मशरूम उत्पादन न केवल स्थानीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगा बल्कि युवाओं और महिलाओं के स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ाएगा। मुख्यमंत्री ने उपस्थित किसानों और युवाओं से कहा कि यह समय नई तकनीकों और स्वरोजगार की संभावनाओं को अपनाने का है, जिससे प्रदेश(शेष पृष्ठ सात पर)

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शुक्रवार मध्य रात्रि किच्छा मार्ग पर भूतबंगला गेट के पास पैदल घर को लौट रहे एक व्यक्ति को तेज गति से जाते अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मारकर रौंद दिया और वाहन सहित फरार हो गया। घायल व्यक्ति को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार भूतबंगला निवासी 36 वर्षीय छत्रपाल पुत्र महेश कुमार शुक्रवार की मध्य रात्रि पोस्टमार्टम हाऊस में कार्यरत अपने छोटे भाई मनीष कुमार से मिलकर पैदल घर की ओर जा रहा था। बताया जाता है कि अभी वह किच्छा रोड़ पर कुछ ही कदम आगे चला था कि पीछे की ओर से तेज गति से आते अज्ञात वाहन चालक ने उसे जोर से टक्कर मारकर रौंद दिया और वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ लग गई। (शेष पृष्ठ सात पर)

## लापता वृद्ध का 23 दिन बाद कंकाल बरामद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रीत विहार नम्बर एक से संदिग्ध परिस्थितियों में गत 27 अक्टूबर को लापता हुए वृद्ध का कंकाल शुक्रवार की सायं ट्रेनिंग सेन्टर परिसर में एक पुराने जर्जर भवन के अन्दर से बरामद किया गया। सूचना मिलने पर परिजनों के साथ ही पुलिसकर्मी भी मौके पर आ पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद कंकाल अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार प्रीत विहार नम्बर एक निवासी करीब 75 वर्षीय जय सिंह पुत्र स्व. उमराव सिंह ट्रेनिंग सेंटर में खेती बाड़ी का काम करता



था और अपनी विवाहित पुत्री विमला और दामाद के साथ रहता था। परिजनों ने बताया कि जयसिंह गत 27 अक्टूबर को प्रात: घर से बिना बताये चले गये। लेकिन उसके बाद से घर नहीं लौटे। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना पुलिस को देने के साथ ही उनकी निरंतर खोजबीन की जा रही थी। लेकिन उनका कहीं कोई पता नहीं चल रहा था। उनका कहना था कि ट्रेनिंग सेंटर परिसर में शुक्रवार की सायं ठंड से बचाव के लिए सफाईकर्मी लकड़ियां बीनते हुए जब परिसर में ही स्थित एक पुराने जर्जर भवन के पास पहुंचा तो उसे वहां से दुर्गंध आयी। जब उसने अन्दर झांक कर देखा तो वहां पर कंकाल पड़ा हुआ देखा। परिजनों ने बताया कि इसकी सूचना मिलते ही (शेष पृष्ठ सात पर)

## लापरवाही से बच्चे की मौत के मामले में चिकित्सक पर केस

रूद्रपुर। भूरारानी में चिकित्सक की लापरवाही से बालक की मौत के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रमेश शर्मा ने आरोप लगाया है कि उनके पुत्र अंशुल शर्मा की मृत्यु कथित रूप से डॉक्टर गुरदीप (उर्फ गुरभीत सिंह) की चिकित्सकीय लापरवाही के कारण हुई। 24 जुलाई 2025 को अंशुल शर्मा सर्दी-जुकाम के उपचार के लिए भूरारानी स्थित भंजू राम स्कूल के पास डॉ. गुरदीप के क्लीनिक पहुंचे। प्रार्थी के (शेष पृष्ठ सात पर)

## रम्पुरा के युवक की हत्या के मामले में बाजपुर कोतवाली का किया घेराव

रूद्रपुर। रम्पुरा के युवक की बाजपुर क्षेत्र में हुई हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शनिवार को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की अगुवाई में रम्पुरा के लोगों ने बाजपुर कोतवाली में विरोध प्रदर्शन कर सीओ और एसएसआई का घेराव किया। ठुकराल ने आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द नहीं होने पर बाजपुर कोतवाली में अनिश्चित कालीन धरने पर बैठने की चेतावनी दी। सीओ ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। बता दें 23 नवंबर को रम्पुरा के किशन की बारात बाजपुर क्षेत्र की टोपा कालोनी में गई थी। रात को बारात में बाराती और घरातियों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि इस विवाद में रम्पुरा के सचिन कोली को दुल्हन पक्ष के लोगों ने बेरहमी (शेष पृष्ठ सात पर)



## ऑनलाइन निवेश के नाम पर 20-38 लाख ठगे

रुद्रपुर। ऑनलाईन निवेश के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जनपद नैनीताल निवासी जय किशन ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई रिपोर्ट में ऑनलाइन निवेश के बहाने 20,38,165 रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि दिनांक 5 नवंबर 2025 को उन्होंने फेसबुक पर एक निवेश विज्ञापन देखा, जिसे क्लिक करने पर उन्हें व्हाट्सएप्प ग्रुप से जोड़ा गया। ग्रुप में पांच एडमिन थे, जिन्होंने खुद को एंजल वन इंडिया लिमिटेड का प्रतिनिधि बताया और शेयर मार्केटिंग में अच्छे मुनाफे का भरोसा दिलाया। ग्रुप एडमिन के निर्देशानुसार जयकिशन ने टाटा मोटर्स (500570) के शेयरों में निवेश करने के लिए दिए गए लिंक और ऐप एंगवेन के माध्यम से दिनांक 27 नवंबर 2025 से 17 दिसंबर 2025 तक अपनी और पत्नी की बैंक खाता राशि (शेष पृष्ठ सात पर)

## बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में केस दर्ज


रूद्रपुर। केनरा बैंक, शाखा एसएमई भदईपुरा के प्रबंधक सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने बैंक को दिए गए 75 लाख रुपये के व्यावसायिक ऋण में कथित धोखाधड़ी की शिकायत के आधार पर थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार, रुद्रपुर के व्यवसायी रविन्द्र सिंह नेगी ने अपनी फर्म मैसर्स सिद्धि विनायक इंटरप्राइजेज के लिए एमएसएमई योजना के तहत 45 लाख रुपये का कार्यशील पूंजी ऋण और 30 लाख रुपये का टर्म लोन मशीनरी खरीदने के लिए बैंक से प्राप्त किया था। (शेष पृष्ठ सात पर)

# बकाया का भुगतान न होने से 'संकट' में उत्तराखंड का 'मिशन एप्पल'

## चार साल के बकाया का भुगतान न होने से सेब की खेती करने वाले किसान हताश,आंदोलन प्रदर्शन एवं चार साल के लंबे इंतजार के बाद ३५ करोड़ के स्थान पर जारी हुए केवल 11 करोड़ 75 लाख रुपए

-अर्श-

देहरादून। उत्तराखंड में सेब की खेती को बढ़ावा देने के लिए आरंभ की गई एप्पल मिशन योजना पर, सेब की खेती करने वाले किसानों के बकाया का भुगतान न होने के कारण अब संकट के बादल मंडराने लगे हैं ।चार साल की लंबी अवधि तक बकाया का भुगतान न होने के कारण प्रदेश के सेब उत्पादक खासा हताश हैं और सेब की खेती से मुंह मोड़ने का मन बना रहे हैं। बता दें कि राज्य में सेब उत्पादन का दायरा बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा एप्पल मिशन योजना की शुरुआत की गई थी और प्रदेश के कुछ किसानों को सेब की खेती का प्रशिक्षण दिलाने के लिए हिमाचल प्रदेश भी भेजा गया था, मगर उद्यान विभाग में हुए घोटाले के बाद चल रही सीबीआई जांच के चलते सेब की खेती करने वाले किसानों का भुगतान रोकने की नौबत आ गई । रोके गए भुगतान को प्राप्त करने के लिए किसानों ने पर्वतीय कृषक कृषि बागवानी एवं उद्यमी संगठन के बैनर तले कई बार सरकार को ज्ञापन सौंपे और आंदोलन किए। यहां तक कि उद्यान मंत्री गणेश जोशी के आवास का घेराव भी किया। तब जाकर कहीं राज्य सरकार ने दो दिनों के भीतर सत्यापन कराकर भुगतान के आदेश देने का आश्वासन दिया। हालांकि पूरी प्रक्रिया में करीब एक महीने का समय लगा और जब आदेश जारी हुए तो राशि उम्मीद से कहीं कम निकली। उल्लेखनीय है कि एप्पल मिशन के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 के लिए किसानों को लगभग 35 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाना था, लेकिन शासन ने हाल ही में केवल 11 करोड़ 75 लाख रुपये जारी करने के आदेश दिए हैं। इतना ही नहीं, जारी की गई इस राशि में भी फिलहाल सिर्फ पहली किश्त के तौर पर 50 प्रतिशत यानी 5 करोड़ 75 लाख रुपये ही दिए जाने का निर्णय लिया गया है, जिससे किसान बेहद निराश हैं। सेब किसानों को राहत देने के नाम पर मिशन एप्पल योजना के तहत बकाया भुगतान का आदेश तो जारी कर दिया गया, लेकिन किसानों को यह आदेश ऊंट के मुंह में जीरा जैसा लग रहा है क्योंकि शासन द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि स्वीकृत 11 करोड़ 50 लाख रुपये में से पहले चरण में 5 करोड़ 75 लाख रुपये जारी किए जा रहे हैं। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए हैं कि भौतिक सत्यापन के बाद भुगतान के लिए प्राप्त सूची सीबीआई को भेजी जाएगी। यदि जांच में किसी काश्तकार का नाम संदेह के दायरे में पाया जाता है तो उसका भुगतान रोका जा सकेगा। याद दिलाना होगा कि उद्यान विभाग में एक बड़ा घोटाला सामने आया था, जिसमें सेब और कीवी के पौधों की खरीद-फरोख्त और गुणवत्ता को लेकर गंभीर अनियमितताएं पाई गई थीं। इस मामले में हाईकोर्ट (शेष पृष्ठ सात पर)



# नैनीताल में 22 से 25 दिसंबर तक आयोजित होगा विंटर कॉर्निवाल

## कार्निवाल में पहाड़ की संस्कृति, पहाड़ का भोजन,पहाड़ के कलाकार के साथ ही बॉलीवुड कलाकारों की भी प्रस्तुति होगी

नैनीताल (उद संवाददाता)। नैनीताल डीएसए मैदान में आगामी 22 से 25 दिसंबर तक आयोजित किए जा रहे विंटर कॉर्निवाल की पूर्व तैयारी को लेकर शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक विधायक नैनीताल सरिता आर्या की अध्यक्षता में व अपर जिलाधिकारी विवेक राय। के संचालन में जिला अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विंटर कार्निवाल को भव्यता पूर्वक सम्पन्न कराए जाने हेतु विभिन्न जनप्रतिनिधियों, संगठनों के प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों,पर्यटन से जुड़े संस्थाओं के साथ विचार विमर्श कर रूप रेखा पर चर्चा की गई। सभी के द्वारा आपसी समन्वय,सामुहिक भागीदारी से विंटर कार्निवाल को भव्यता पूर्वक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने अवगत कराया कि नैनीताल में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विंटर कॉर्निवल का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने विंटर कार्निवल की प्रारंभिक तैयारियां के बारे में जानकारी देते हुए उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों से आए व्यक्तियों से कार्निवल को सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने हेतु पूर्ण सहयोग की अपील करते हुए उनके साथ विचार विमर्श कर भव्य आयोजन हेतु उनके सुझाव लिए गए। बैठक में जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भंडारी ने पीपीटी के माध्यम से विंटर



कॉर्निवल में 22 से 25 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने अवगत कराया की 22 दिसंबर को नैनीताल बिड़ला चुंगी से कैंची धाम तक 20 किलोमीटर ट्रैकिंग की जाएगी जिसमें विभिन्न पर्यटकों के साथ ही पर्यटन से जुड़े लोगों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा ताकि यह क्षेत्र ट्रैकिंग करने वाले पर्यटकों को और अधिक लुभाए व विकसित हो सके। इसके इसी दिन वोट हाउस क्लब से रिगाटा प्रारंभ होगी व बेंड की प्रस्तुति भी की जाएगी। 23 दिसंबर को नैनीझील में वोटिंग रेस आयोजित करने के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सायंकाल में दीपदान के साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा विंटर कार्निवाल का उद्घाटन किया जाएगा। इससे पूर्व नगर में बैंड धुन के साथ परेड एवं झांकी निकाली जाएगी। स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाएगा । स्टार नाईट में बॉलीवुड कलाकार परमीश वर्मा द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी । 24 दिसंबर को फूड फेस्टिवल एवं विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के साथ ही उत्तराखंड स्टार नाइट पवनदीप और कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इसी प्रकार 25 दिसंबर को दिन में विभिन्न प्रतियोगिता पेंटिंग,डांस सहित अनेक प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। स्टार नाइट में सुप्रसिद्ध पांडवाज ग्रुप द्वारा अपनी प्रस्तुति दिखाई जाएगी। उन्होंने अवगत कराया कि इसके अतिरिक्त प्रत्येक दिन स्थानीय कलाकारों की अनेक प्रस्तुतियां के साथ ही विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगी, ताकि पर्यटकों के साथ ही जनता को पूर्ण मनोरंजन मिल सके। इसके साथ ही माल रोड को लाइट माला से सजाया जाएगा, जगह जगह पर आयोजन के सीधा प्रसारण हेतु एलईडी स्थापित की जाएंगी। मालरोड में पर्यटकों के लिए जगह-जगह पर सेल्फी स्टैंड लगाए जाएंगे। इसके साथ ही स्थानीय कलाकारों के लिए एक अलग से मंच बनाया जाएगा। अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने कार्निवाल की सभी तैयारियां को यथासमय पूर्ण करने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सर्वसम्मति से शुभारंभ अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री एवं समापन अवसर पर माननीय पर्यटन मंत्री को आमंत्रित करने का भी निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त यह भी निर्णय लिया गया कि शहर में और हल्द्वानी रेलवे स्टेशन आदि मुख्य स्थानों में होल्डिंग लगाकर पर्यटकों को विंटर कॉर्निवाल की जानकारी दी जाएगी,इस हेतु प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी पर्यटन विभाग, खान-पान व जल-पान की व्यवस्था केएमवीएन व अलाव की नगर पालिका, विद्युत की व्यवस्था विद्युत विभाग, पेयजल की जल संस्थान को जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर विधायक सरिता आर्या ने कहा की माननीय मुख्यमंत्री के प्रयास से ही नैनीताल में विंटर पर्यटन को बढ़ाने के लिए विंटर कॉर्निवाल का अयोजन किया जा रहा है। जिसका प्रतिवर्ष आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी के सामुहिक सहयोग से इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराएंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका सरस्वती खेतवाल ने कि सभी के प्रयासों से इसे भव्य एवं दिव्य रूप से सम्पन्न करेंगे। इस दौरान अपर जिला अधिकारी शैलेंद्र नेगी,पुलिस अधीक्षक यातायात जगदीश चंद्र, एसडीएम नवाजिश खलिक, प्रमोद कुमार,बीसी पंत, होटल एसोशिएशन अध्यक्ष दिग्विज सिंह बिष्ट, त्रिभुवन फर्तियाल, सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत, व्यापार मंडल अध्यक्ष मारूति साह, विभिन्न सभासद,जनप्रतिनिधि सहित विभागों के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# डॉ. अंजनी कुमार : सेवा, समर्पण और चिकित्सा क्षेत्र में एक मिसाल

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर को मिला अनुभवी चिकित्सा अधीक्षक

गदरपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर को एक अनुभवी, अनुशासित और सेवा-भाव से ओतप्रोत चिकित्सक के रूप में डॉ. अंजनी कुमार के रूप में सक्षम चिकित्सा अधीक्षक मिला है। डॉ. अंजनी कुमार का संपूर्ण जीवन देश सेवा, चिकित्सा समर्पण और मानवता की सेवा को समर्पित रहा है।बिहार के नालंदा जनपद निवासी डॉ. अंजनी कुमार का जन्म 15 जून 1972 को हुआ। उनकी प्रारंभिक शिक्षा प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल तिलैया से हुई, जहां से उन्हें अनुशासन और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा मिली। वर्ष 1990 में उनका चयन भारतीय सेना में हुआ, लेकिन आम जनमानस की सेवा के उद्देश्य से उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र को अपना कार्यक्षेत्र चुना।वर्ष 1998 में चिकित्सा की पढ़ाई पूर्ण करने के उपरांत उन्होंने दिल्ली के डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल तथा एमसीडी अस्पताल में रेजिडेंट डॉक्टर के रूप में सेवाएं दीं। इसके बाद वर्ष 2004 में यूपीएससी के माध्यम से चयनित होकर उन्हें देवभूमि उत्तराखंड में सेवाएं देने का अवसर मिला। उत्तराखंड में अपने सेवा काल के प्रथम 15 वर्षों तक डॉ. अंजनी कुमार ने रुद्रप्रयाग एवं पिथौरागढ़ जैसे दुर्गम व अति दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान



कर आम जनता का भरोसा जीता। जुलाई 2017 से वे उधम सिंह नगर जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर में सेवाएं दे रहे हैं।कोरोना महामारी के कठिन दौर में डॉ. अंजनी कुमार ने आनंदम कोरोना केयर सेंटर के प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी संभाली और कुशल प्रबंधन व सतत निगरानी के चलते एक भी कैजुअल्टी नहीं होने दी। साथ ही उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर में उपचार, रोकथाम एवं टीकाकरण अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उनकी सेवाओं को देखते हुए माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड तथा तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री श्री अरविंद पांडेय द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया जा चुका है।डॉ. अंजनी कुमार का पारिवारिक पृष्ठभूमि भी चिकित्सा एवं प्रशासन से जुड़ा रहा है। उनके पिता डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद वर्ष 1966 में एमबीबीएस पूर्ण कर नालंदा क्षेत्र में वर्षों तक चिकित्सा सेवाएं देते रहे। उनके भाई अनिल प्रीतम नासिक में आयुक्त पद पर कार्यरत हैं। उनकी पत्नी श्रीमती कंचन चौधरी (एमबीए ख्र ग्रामीण विकास) बच्चों की शिक्षा में अहम योगदान दे रही हैं। उनकी पुत्री अनुष्का प्रीतम ने इम्यूनिटी पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर से कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त कर परिवार का नाम रोशन किया, जबकि उनके सुपुत्र आदर्श प्रीतम आगरा से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं।वर्तमान में डॉ. अंजनी कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर में चिकित्सा अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं और अपनी कार्यकुशलता, अनुशासन व मानवीय दृष्टिकोण से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा दे रहे हैं।

# शुक्ला ने केन्द्रीय मंत्री शेखावत से की मुलाकात

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।दिल्ली में केंद्र सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से उनके आवास पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने शिष्टाचार भेंट कर किच्छा स्थित भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत पार्क में 100 फीट ऊंची प्रतिमा एवं स्मृति पार्क के निर्माण हेतु केंद्र सरकार से सहयोग का अनुरोध किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने मंत्री को इस संबंध में एक औपचारिक पत्र भी सौंपा।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने बताया कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, भारत रत्न एवं उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी के प्रेरणादायी व्यक्तित्व को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से उत्तराखंड के प्रवेश



द्वार किच्छा, जनपद उधमसिंहनगर में उनकी 100 फीट ऊंची प्रतिमा एवं स्मृति पार्क की स्थापना के उनके प्रस्ताव को उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान करते हुए पार्क एवं प्रतिमा निर्माण हेतु लगभग 16 एकड़ भूमि आवंटित कर दी। उन्होंने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत स्मृति पार्क के सौंदर्यीकरण एवं भव्य प्रतिमा की स्थापना के लिए केंद्र सरकार के सहयोग की आवश्यकता है, ताकि यह स्थल राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रेरणास्रोत एवं पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो सके। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला से इस विषय पर विस्तृत चर्चा करते हुए परियोजना के महत्व को सराहा और आवश्यक स्तर पर उचित कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिलाया।

# विकास की कसौटी पर जिलों की रैंकिंग व्यवस्था शुरू

## एस.डी.जी. के संकेतकों के आधार पर पहली बार जारी मासिक रैंकिग में जनपद चम्पावत पहले स्थान पर

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर राज्य में सतत विकास लक्ष्य (एस.डी.जी.) के तहत चिन्हित विकास के लक्ष्यों के आधार पर जिलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन कर मासिक रैंकिंग करने की व्यवस्था प्रारंभ की गई है। शुरूआती मासिक रैंकिंग में जनपद चम्पावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री द्वारा विकास के मोर्चे पर जिलों के प्रदर्शन के आकलन हेतु एस.डी.जी. के संकेतकों की कसौटी पर रैंकिंग करने की हिदायत दी गई थी। जिसके अनुपालन में नियोजन विभाग के सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी एण्ड गुड गवर्नेंस (सी.पी.पी.जी.जी.) द्वारा एस.डी.जी. की अवधारणा के अनुसार मासिक रूप से अनुश्रवण किए जाने योग्य चिन्हित संकेतकों की जनपदवार रैंकिंग शुरू की गई है। जिसके लिए सी.पी.पी.जी.जी. द्वारा इस वर्ष अप्रैल से अक्टूबर माह तक



11 सतत् विकास लक्ष्यों के कुल 39 संकेतकों का डाटा प्राप्त करते हुए समसामयिक लक्ष्यों के आधार पर पहली बार जिलों की रैंकिंग जारी कर दी गई है। मासिक रैंकिग के आधार पर जनपद चम्पावत ने 96 अंक प्राप्त कर प्रथम, जनपद बागेश्वर ने 94 अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा जनपद नैनीताल ने 92 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। सी.पी.पी.जी.जी. के विशेष कार्याधिकारी अमित पुनेठा ने कहा है कि रैंकिंग में पिछड़े जनपदों से वित्तीय वर्ष की शेष अवधि में सभी एस.डी.जी. में तय लक्ष्यों को प्राप्त कर करने की अपेक्षा की गई है। उन्होंने बताया कि रैंकिंग के लिए चिन्हित 39 संकेतकों के अलावा आवश्यकतानुसार समसामयिक लक्ष्यों के सापेक्ष योजनाओं का अनुश्रवण करने के लिए भविष्य में अन्य संकेतकों को भी शामिल किया जा सकता है। वर्ष 2030 तक गरीबी, भुखमरी, बीमारी और अभाव से मुक्त विश्व की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से सतत विकास लक्ष्य, संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों द्वारा सितंबर 2015 में स्वीकृत और अपनाए गए थे। **एसडीजी के चार प्रमुख आयाम हैं** - सामाजिक समानता; समावेशी आर्थिक विकास; पर्यावरण संरक्षण; और शांतिपूर्ण एवं समावेशी समाज। इन महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उत्तराखंड राज्य में गंभीरता के साथ प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके फलस्वरूप उत्तराखंड विभिन्न विकास क्षेत्रों में अग्रणी बनकर उभरा है और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। नीति आयोग द्वारा जारी एस.डी.जी. इंडिया इंडेक्स वर्ष 2023-24 में उत्तराखंड ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध प्रयासों की सार्थकता सिद्ध की है। **सतत विकास के चिन्हित लक्ष्य**-एसडीजी सं. 1 गरीबी उन्मूलन एसडीजी सं. 2. शून्य भुखमरी एसडीजी सं. 3. उत्तम स्वास्थ्य एसडीजी सं. 4. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एसडीजी सं. 6. स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छता एसडीजी सं. 7. संवहनीय स्वच्छ ऊर्जा एसडीजी सं. 8. उत्तम कार्य एवं आर्थिक उन्नति एसडीजी सं. 9. उद्योग, नवाचार एवं अवसंरचना विकास एसडीजी सं. 10. असमानता दूर करना एसडीजी सं. 11. संवहनीय शहर एवं समुदाय एसडीजी सं. 15. भूमि पर जीवन।

प्रदेश में सतत विकास के लक्ष्यों को तेजी से प्राप्त करने के लिए योजनाओं के बेहतर निर्माण के साथ ही उनके सफल क्रियान्वयन के लिए प्रभावी एक्शन प्लान बनाया गया है। इससे हम आम आदमी के जीवन स्तर में सुधार के साथ राज्य के समग्र विकास की संकल्पना को साकार करने में भी सफल हो सकेंगे। इसी के दृष्टिगत सभी विभागों एवं जिलाधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुसार एस.डी.जी. के निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से प्राप्त करने हेतु कार्य करने की अपेक्षा की गई है। जिलों की पहली रैंकंग में प्रथम स्थान पर रहने वाले चंपावत जिले सहित अच्छा प्रदर्शन करने वाले अन्य जिलों को बधाई। सभी जिले बेहतर प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रयासरत रहें। जिन लक्ष्यों व इंडिकेटरों में हमें सुधार की आवश्यकता है, उन पर विशेष ध्यान दिया जाय।

**-पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

# न्याय पंचायत कल्याणनगर के मैनझुंडी गांव में किया जनसेवा शिविर का आयोजन



सितारगंज(उद संवाददाता)। 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को न्याय पंचायत कल्याणनगर के मैनझुंडी गांव में एक जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी रविन्द्र जुआठा ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस अभियान के अंतर्गत पंजीकृत सभी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उप जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्रों को शीघ्र निर्गत किया जाए तथा विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए पात्र लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं से जुड़े आवेदन पत्र मौके पर ही भरवाए जाएं और यदि किसी आवेदन में कोई कमी हो, तो संबंधित विभाग आपस में समन्वय कर उसका तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से यह निर्देश दिए कि शिविर में आने वाला कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर के दौरान दो शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके निस्तारण के निर्देश उप जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को मौके पर ही दिए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में 494 लोगों के विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण किए गए तथा जरूरतमंदों को नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागीय योजनाओं के अंतर्गत 367 लोगों को योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित किया गया। शिविर में एक मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट प्रदान की गई, जबकि तीन लखपति दीदी को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी शिविर एवं बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी किशोरी कुटिया, तहसीलदार हिमांशु जोशी, खंड विकास अधिकारी सी.आर. आर्या, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सी.पी. कोठारी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सेवा सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान बलराम सिंह, दर्शन सिंह, आनंद बल्लभ भट्ट सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# 21 दिसंबर को मनाया जाएगा विश्व ध्यान दिवस

## 'एक विश्व, एक हृदय' थीम पर होगा वैश्विक सामूहिक ध्यान

रुद्रपुर। संयुक्त राष्ट्र द्वारा ध्यान एवं उससे होने वाले शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक लाभों के प्रति वैश्विक स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 21 दिसंबर को 'विश्व ध्यान दिवस' के रूप में घोषित किया गया है। इसी क्रम में इस वर्ष भी विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर 'एक विश्व, एक हृदय' की थीम पर आधारित एक भव्य वैश्विक सामूहिक ध्यान सत्र का आयोजन किया जा रहा है। यह सामूहिक ध्यान कार्यक्रम 21 दिसंबर को रात्रि 8 बजे ऑनलाइन माध्यम से आयोजित होगा, जिसका मार्गदर्शन हार्टफुलनेस संस्था के वैश्विक मार्गदर्शक दाजी द्वारा किया जाएगा। इस आयोजन में विश्वभर से लाखों लोग ऑनलाइन माध्यम से जुड़ेंगे, जिससे यह ध्यान साधना के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक वैश्विक क्षण बन जाएगा। इस अवसर पर एक ही समय पर लाखों साधक सामूहिक रूप से ध्यान करेंगे, जो वैश्विक एकता और शांति का सशक्त प्रतीक होगा। हार्टफुलनेस संस्था द्वारा आयोजित यह ध्यान सत्र पूर्णत: नि:शुल्क है तथा इसमें 15 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति भाग लेकर हृदय आधारित ध्यान का अनुभव कर सकता है। संस्था का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक ध्यान की सरल और प्रभावी विधि को पहुँचाना है, जिससे व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में संतुलन और शांति प्राप्त कर सके। हार्टफुलनेस संस्था रुद्रपुर की केंद्र समन्वयक एवं प्रशिक्षक डॉ. सीमा अरोड़ा ने बताया कि आज की तेज, व्यस्त और तनावपूर्ण जीवनशैली में स्वयं से जुड़ने के लिए कुछ पल निकालना अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि ध्यान व्यक्ति के आंतरिक रूपांतरण में सहायक होता है, जिससे जीवन के प्रति दृष्टिकोण सकारात्मक बनता है। ध्यान भावनात्मक एवं मानसिक संतुलन प्रदान कर एकाग्रता बढ़ाता है और अंतत: आंतरिक शांति की अनुभूति कराता है। डॉ. अरोड़ा ने आगे कहा कि जब व्यक्ति के भीतर शांति स्थापित होती है, तभी वह शांति समाज और विश्व में भी परिलक्षित होती है। जब लाखों हृदय एक ही उद्देश्य के साथ, एक ही समय पर ध्यान करते हैं, तो वह क्षण और भी अधिक सार्थक हो जाता है। ऐसा सामूहिक ध्यान निश्चित रूप से वैश्विक शांति, करुणा और एकता को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस वैश्विक आयोजन से जुड़ें और विश्व ध्यान दिवस के इस विशेष अवसर का हिस्सा बनें। इच्छुक प्रतिभागी ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण कर इस ऐतिहासिक सामूहिक ध्यान सत्र में सहभागिता कर सकते हैं।

# किच्छा चीनी मिल की पेराई 24-25 दिसंबर को होगी बंद

किच्छा। पेराई सत्र 2025-26 के प्रथम सामान्य सफाई के चलते किच्छा चीनी मिल की पेराई आगामी 24 और 25 दिसंबर को बंद रहेगी। मिल के अधिशासी निदेशक एपी बाजपेई ने शनिवार को बताया कि फैक्ट्री में जनरल क्लीनिंग के उद्देश्य से यह दो दिवसीय बंदी की गई है। उन्होंने कहा कि पेराई बंद होने से पहले तौल कार्य 22 दिसंबर तक ही किया जा सकेगा और मिल गेट पर टोकन 23 दिसंबर सुबह 6 बजे तक उपलब्ध होंगे। बाजपेई ने किसानों से अपील की कि मिल की सफाई के दौरान गन्ने की कटाई और अन्य कार्यों को धीमी गति से करें ताकि गन्ना खराब न हो। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सफाई समाप्त होने के तुरंत बाद मिल 26 दिसंबर से दोबारा संचालन में आएगी और गन्ना से संबंधित सभी कार्य पूर्व की भांति जारी रहेंगे।

# हल्द्वानी में बीएलके-मैक्स अस्पताल की एक्सक्लूसिव स्पाइन सर्जरी ओपीडी शुरू

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली, ने हल्द्वानी के एडवांस ग्लोबल हेल्थ हॉस्पिटल, में अपनी एक्सक्लूसिव स्पाइन सर्जरी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इस ओपीडी का शुभारंभ, बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली, के ऑर्थो स्पाइन सर्जरी विभाग के वाइस चेयरमैन एवं हेड - डॉ. पुनीत गिरधर, ऑर्थो स्पाइन सर्जरी विभाग के एसोसिएट कंसल्टेंट - डॉ. मनीष गर्ग और एडवांस ग्लोबल हेल्थ हॉस्पिटल, हल्द्वानी के डायरेक्टर डॉ. हरा प्रसाद, की उपस्थिति में किया गया।डॉ. पुनीत गिरधर और डॉ. मनीष गर्ग प्रत्येक माह के पहले रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक एडवांस ग्लोबल हेल्थ हॉस्पिटल, हल्द्वानी में उपलब्ध रहेंगे, जहां वे मरीजों को प्राइमरी कंसल्टेशन और फॉलो-अप सेवाएं प्रदान करेंगे।इस अवसर पर बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली के ऑर्थो स्पाइन सर्जरी विभाग के वाइस चेयरमैन एवं हेड- डॉ. पुनीत गिरधर, ने कहा, "घ्हमारा फोकस मिनिमली इनवेसिव टेक्निक पर है, जिससे मरीजों को कम दर्द और जल्दी रिकवरी मिलती है। न्यूरो नेविगेशन सूट और रोबोटिक टेक्नोलॉजी जैसी एडवांस सुविधाओं के उपयोग से सर्जरी में प्रिसिशन बढ़ती है, जिससे ट्रीटमेंट आउटकम बेहतर होते हैं। ये आधुनिक तकनीकें मरीजों के कंफर्ट को प्राथमिकता देती हैं, पोस्ट-ऑपरेटिव डिस्कम्फर्ट को कम करती हैं और रिकवरी टाइम को तेज करती हैं। हल्द्वानी में स्पाइन सर्जरी ओपीडी सेवाओं का विस्तार कर इस क्षेत्र के लोगों तक स्पेशलाइज्ड केयर को नजदीक लाने को लेकर हम उत्साहित हैं। "बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली, के ऑर्थो स्पाइन सर्जरी विभाग के एसोसिएट कंसल्टेंट - डॉ. मनीष गर्ग, ने बताया, "ओपन और पारंपरिक सर्जरी की कॉम्प्लीकेशन्स को लेकर कई मरीजों में डर रहता है, लेकिन न्यूरोसाइंसेज में हालिया प्रगति के चलते अब ऐसी कॉम्प्लेक्स प्रक्रियाएं मिनिमली इनवेसिव हो गई हैं, जिनमें ब्लड लॉस कम होता है और रिकवरी जल्दी होती है। कॉस्मेटिक अपील के साथ-साथ इसमें हड्डियों और मसल्स को कोई ट्रॉमा नहीं होता, जिससे बॉडी कंटूर सुरक्षित रहते हैं और मरीज का रिकवरी टाइम ओपन सर्जरी की तुलना में काफी कम होता है। मिनिमली इनवेसिव और नेविगेशन- असिस्टेड स्पाइन सर्जरी जैसी स्टेट-ऑफ-द-आर्ट तकनीकों के माध्यम से कंसल्टेशन प्रदान कर हमारा उद्देश्य मरीजों के आउटकम को बेहतर बनाना और क्षेत्र के लोगों के ओवरऑल वेल-बीइंग में योगदान देना है। "एक्सक्लूसिव स्पाइन सर्जरी ओपीडी की शुरुआत बीएलके-मैक्स हॉस्पिटल, की मेट्रो शहरों से बाहर एडवांस और स्पेशलाइज्ड हेल्थकेयर तक पहुंच बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हल्द्वानी में एक्सपर्ट कंसल्टेशन और अत्याधुनिक स्पाइन ट्रीटमेंट विकल्प उपलब्ध होने से समय पर डायग्नोसिस, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और पर्सनलाइज्ड स्पाइन केयर की जरूरत वाले मरीजों को एक ही छत के नीचे महत्वपूर्ण लाभ मिलने की उम्मीद है।




# सक्षम संगठन की मजबूती एवं दिव्यांग सशक्तिकरण पर हुआ विचार-विमर्श

रुद्रपुर। सक्षम संगठन के जिला नैनीताल की दायित्वधारियों ने सक्षम जिला सेवा केंद्र, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) का भ्रमण कर केंद्र संचालक टोली के सदस्यों से संपर्क किया। इस दौरान संगठन की मजबूती, महिला सशक्तिकरण तथा दिव्यांग सशक्तिकरण के लिए आपसी तालमेल बनाए रखने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। हल्द्वानी से आईं जिला नैनीताल की दायित्वधारी श्रीमती तनुजा टकवाल एवं श्रीमती जया जोशी के साथ आयोजित बैठक में जिला सचिव सक्षम श्री हरीश पंत, सविता प्रकोष्ठ जिला प्रमुख श्रीमती आशा मुंजाल, जिला अध्यक्ष सक्षम महेश चन्द्र पंत तथा केंद्र संचालक श्रीमती आशा पंत उपस्थित रहे। बैठक में दिव्यांगों के सशक्तिकरण एवं पुनर्वास हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने, आपसी समन्वय



को सुदृढ़ बनाने तथा दिव्यांग अधिकार अधिनियम को प्रभावी ढंग से लागू कर सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक दिव्यांगों तक पहुँचाने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। सभी उपस्थित सदस्यों ने आपसी सहयोग के माध्यम से संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। जिला सचिव हरीश पंत ने बताया कि जिला सक्षम दिव्यांग सेवा केंद्र, ऊधम सिंह नगर विगत तीन वर्षों से निरंतर कार्यरत है और जनसहयोग व उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से दिव्यांगों की हरसंभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। सविता प्रकोष्ठ की जिला प्रमुख श्रीमती आशा मुंजाल ने बताया कि केंद्र द्वारा दिव्यांगों तक पहुँच बनाकर उन्हें आवश्यक उपकरण, यूडीआईडी कार्ड, पेंशन एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने में सहयोग किया जाता है तथा सेवा केंद्र से दिव्यांगों का नियमित संपर्क बना रहता है। जिला अध्यक्ष महेश चन्द्र पंत ने जानकारी दी कि जिला सक्षम ऊधम सिंह नगर का वार्षिक अधिवेशन 24 दिसंबर को काशीपुर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिला नैनीताल के सभी दायित्वधारियों एवं कार्यकर्ताओं को सादर आमंत्रित किया गया है।

# सेंट टैरेसा स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मना ख्रीष्ट महोत्सव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ईसाई समाज द्वारा ख्रीष्ट महोत्सव (क्रिसमस सेलिब्रेशन) का भव्य आयोजन सैंट टैरेसा स्कूल के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का संचालन और नेतृत्व कुमाऊं क्रिश्चियन एसोसिएशन द्वारा किया गया, जिसमें पूरे कुमाऊं क्षेत्र से मसीही समुदाय की सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कैरल सिंगिंग प्रतियोगिता रही, जिसमें कैथोलिक डायोसिस कमीशन फॉर सेक्रेड म्यूजिक टीम ने योगदान दिया। कुमाऊं क्रिश्चियन एसोसिएशन के वरिष्ठ प्रभु के दास रेव्ह. एच. पी. जोसेफ एवं फादर डैरिक पिंटो के नेतृत्व ने इस सभा को स्मरणीय बना दिया। उन्होंने नैनीताल जनपद के सभी पास्टरों और कलिसियाओं को इस गीत मंडली प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उत्साहित किया। इस आयोजन में लगभग 30 कलिसियाओं के पास्टरों एवं विश्वासियों ने सहभागिता की। सभी प्रतिभागियों और उपस्थित जनसमूह ने कार्यक्रम की सराहना की और इसे आत्मिक, आनंदमय तथा प्रेरणादायक बताया। कैरल सिंगिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागी कलिसियाओं ने अत्यंत मनोहर और भावपूर्ण प्रस्तुति दी। निर्णायक मंडल के निर्णय के अनुसार प्रथम पुरस्कार सैंट टैरेसा चर्च को, द्वितीय पुरस्कार असेंबली ऑफ बिलीवर्स चर्च हल्द्वानी को व तृतीय पुरस्कार असेंबलीज ऑफ गॉड चर्च काठगोदाम को प्राप्त हुआ। जबकि सांत्वना पुरस्कार गतसमनी चर्च हल्द्वानी को दिया गया। सभी विजेता एवं प्रतिभागी टीमों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए सराहा गया। कार्यक्रम के दौरान सैंटा क्लॉज की उपस्थिति और आकर्षक नृत्य बच्चों के लिए आनंद का केंद्र रही। सैंटा क्लॉज द्वारा बच्चों में कैंडीज वितरित की गईं, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह और खुशी देखने को मिली और पूरा वातावरण उल्लास से भर गया। यह कार्यक्रम प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य मसीही समाज में प्रभु यीशु के प्रति प्रेम, विश्वास और समर्पण को और अधिक प्रज्वलित करना था। इस अवसर पर फादर अशोक मसीह ने बाइबल आधारित संदेश के माध्यम से प्रभु के जन्म का वास्तविक अर्थ सरल और प्रभावशाली शब्दों में साझा किया, जिससे उपस्थित जनसमूह आत्मिक रूप से प्रोत्साहित हुआ। कार्यक्रम में सैंट टैरेसा चर्च, सेंट्रल मैथोडिस्ट चर्च, असेंबली ऑफ बिलीवर्स चर्च, असेंबलीज ऑफ गॉड चर्च सहित अन्य कलिसियाओं के पास्टरों की उपस्थिति रही। इनमें पास्टर पंकज सिंह, आलोक नस्कर, अमीवाशा, आकाश मसीह, विक्रम सिंह, राकेश कुमार, हैप्पी विलियम, विल्सन जोसेफ, भानुप्रताप रावत, सुनील मसीह, सुकुमार सूरज, अरुण त्रिकोटी, संजय सोलोमन, कमलजीत पॉल (गोस्पेल बैंड), सतीश सिंह, अजीम अंसारी, त्रिलोक सिंह, डेविड लूकोस, कुसुम रोज, स्मिथा मैथ्यू, राजीव सक्सेना एवं जेकब जूलियस सहित अनेक सेवकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। अंत में कुमाऊं क्रिश्चियन एसोसिएशन की ओर से कार्यक्रम के संचालनकर्ता पा. राजीव सक्सेना ने सैंट टैरेसा चर्च एवं उनकी प्रीस्ट कमिटी का विशेष आभार व्यक्त किया साथ ही सभी आमंत्रित सहभागियों को धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी मसीही समाज के मूल मूल्यों प्रेम, एकता और सेवा को समाज के व्यापक स्तर पर प्रदर्शित करने हेतु सहयोग और प्रार्थनाओं की अपील की।




# समय पूर्व छुट्टी पर शिक्षकों का वेतन रोकने के आदेश

भीमताल(उद संवाददाता)।मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविन्द जायसवाल ने जिले के कुछ विद्यालयों में समय पूर्व विद्यार्थियों की छुट्टी देने के मामले में जीआईसी सेमलखलिया एवं प्राथमिक विद्यालय सेमलखालिया, विकासखंड रामनगर के 17 अध्यापकों और लिपिकों का वेतन रोकने के आदेश जारी किए हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को रामनगर के सावलदे न्याय पंचायत के अंतर्गत आने वाले जीआईसी ढेला, प्राइमरी स्कूल ढेला, हाई स्कूल पटरानी, प्रा. वि. पटरानी नंबर 3, प्रा. वि. पटरानी, प्रा. वि. कारगिल पटरानी, कन्या जूनियर हाई स्कूल सावलदे, प्रा. वि. सावलदे, जीआईसी सेमलखलिया और प्रा. वि. सेमलखालिया सहित 10 विद्यालयों का सघन निरीक्षण किया गया। सीईओ जायसवाल ने जिले के सभी विद्यालयों को स्पष्ट रूप से सचेत किया कि विद्यालय संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम को समय पर पूरा करना प्रत्येक शिक्षक की जिम्मेदारी है और समय से पाठ्यक्रम पूर्ण न करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि सभी शिक्षक और कर्मचारी समय पर विद्यालय में उपस्थित रहें और विद्यार्थियों की पढ़ाई में कोई व्यवधान न आने पाए। निरीक्षण का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करना और नियमित पाठ्यक्रम संचालन को सुनिश्चित करना बताया गया।

# सीएम धामी ने अग्निवीर भर्ती प्रशिक्षण केंद्र का किया निरीक्षण

## अग्निवीर भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं से सीधे संवाद कर बढ़ाया उत्साह

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग तथा खेल विभाग द्वारा प्रांतीय रक्षक दल निदेशालय, रायपुर (देहरादून) में संचालित अग्निवीर भर्ती प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। भविष्य में मुख्यमंत्री श्री यह भी पूछा कि उन्हें प्रशिक्षण के दौरान किन-किन सुविधाओं की आवश्यकता महसूस हो रही है।निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण केंद्र में उपलब्ध शारीरिक प्रशिक्षण, दौड़ अभ्यास, खेल गतिविधियों एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि युवाओं को दी जा रही सभी सुविधाएं उच्च गुणवत्ता सकें।युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री ने स्वयं भी प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित खेल गतिविधियों में भाग लिया और युवाओं के साथ संवाद कर उन्हें अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों को समय-समय पर प्रयास है कि उत्तराखंड के युवा इस योजना के माध्यम से देश सेवा के साथ-साथ आत्मनिर्भर भी बनें। युवाओं को हर संभव सुविधा और मार्गदर्शन देना हमारी प्राथमिकता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निवीर योजना के माध्यम से युवाओं को देश की तीनों सेनाओं में सेवा का अवसर प्रदान किया जा रहा है। यह योजना युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, प्रशिक्षण युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ मानसिक रूप से भी सशक्त करता है। कठिन प्रशिक्षण, अनुशासित दिनचर्या और टीम भावना के माध्यम से युवाओं में निर्णय लेने की क्षमता और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है, जो उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाती है।मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निवीर योजना से करती है।इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि उत्तराखंड के अधिक से अधिक युवा अग्निवीर योजना का लाभ उठा सकें। इसके लिए राज्य में निःशुल्क प्रशिक्षण, बेहतर संसाधन, अनुभवी प्रशिक्षक और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा







धामी प्रत्येक जिले में भ्रमण के दौरान अग्निवीर भर्ती प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण करेंगे।मुख्यमंत्री ने अग्निवीर भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं से सीधे संवाद कर उनके प्रशिक्षण अनुभव, दिनचर्या और चुनौतियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने युवाओं से मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं।मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार अग्निवीर भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान कर रही है, ताकि वे पूरी आत्मविश्वास के साथ देश की सेवा के लिए चयनित हो अपडेट किया जाए तथा विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की सहायता से युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से और अधिक सशक्त बनाया जाए।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अग्निवीर योजना देश के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है। हमारी सरकार का नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का विकास करती है। कम आयु में सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर युवा न केवल देश की सुरक्षा में योगदान देते हैं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में उपयोगी कौशल भी अर्जित करते हैं।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का मानना है कि अग्निवीर प्रशिक्षित युवा सेवा अवधि के पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार और स्वरोजगार के लिए भी सक्षम बनते हैं। सैन्य प्रशिक्षण के दौरान अर्जित कौशल जैसे अनुशासन, समय प्रबंधन, नेतृत्व और तकनीकी दक्षता उन्हें निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र में बेहतर अवसर प्रदान रही हैं, ताकि प्रदेश के युवा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।इस अवसर पर विशेष प्रमुख सचिव श्री अमित सिन्हा, अपर सचिव डॉ. आशीष चौहान सहित खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा प्रांतीय रक्षक दल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम धामी का औचक निरीक्षण ,अनुपस्थित थानेदार लाइन हाजिर

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित डालनवाला पुलिस स्टेशन के औचक निरीक्षण के दौरान थानेदार के ड्यूटी से अनुपस्थित पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से उन्हें लाइन हाजिर करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कड़े अचानक पुलिस स्टेशन पहुंचे और वहां की संपूर्ण कार्यप्रणाली का गहन निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के औचक निरीक्षण से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और मौके पर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति सामने आई। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने पुलिस स्टेशन में तत्काल, निष्पक्ष और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री महिला हेल्प डेस्क पर भी पहुंचे और वहां मौजूद महिला फरियादियों से बातचीत कर उनकी शिकायतों की जानकारी ली। उन्होंने महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता, की स्थिति तथा लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने ड्यूटी रजिस्टर और उपस्थिति रजिस्टर का भी निरीक्षण कर कर्मियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने थाने में स्थित कारागार में गंदगी और मुख्यमंत्री ने वाहन जांच अभियान, वेरिफिकेशन ड्राइव तथा अपराध नियंत्रण को लेकर चल रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि इन अभियानों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था पर जायजा लेकर आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रारंभ की। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी का सख्त शब्दों में कहा कि कानून व्यवस्था से जुड़ा प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी जनता के प्रति जवाबदेह है। जनसेवा में लापरवाही,







शब्दों में कहा कि कानून व्यवस्था और जनसेवा जैसे संवेदनशील दायित्वों में किसी भी स्तर की लापरवाही अक्षम्य अपराध है और ऐसे मामलों में तत्काल एवं कठोर कार्रवाई की जाएगी। विभिन्न बैठकों के उपरांत मुख्यमंत्री श्री धामी आए कई शिकायतकर्ताओं से सीधे बातचीत की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि शिकायतों को औपचारिकता नहीं बल्कि उत्तरदायित्व समझकर दर्ज किया जाए तथा उनका गोपनीयता और त्वरित कार्रवाई को अनिवार्य बताते हुए किसी भी प्रकार की ढिलाई पर सखष्त कार्रवाई की चेतावनी दी। मुख्यमंत्री ने एफआईआर रजिस्टर का विस्तृत निरीक्षण करते हुए दर्ज मामलों पर की गई कार्रवाई, फॉलोअप अव्यवस्था पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और तत्काल समुचित साफ-सफाई एवं मानकों के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस थाने की स्थिति ही शासन-प्रशासन की कार्यसंस्कृति को दर्शाती है। गंभीर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने विस्तृत जांच कर जिम्मेदारी तय करने के आदेश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) देहरादून तत्काल पुलिस स्टेशन पहुंचे और मौके पर स्थिति का अनुशासनहीनता या संवेदनहीनता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। पुलिस व्यवस्था में सुधार, पारदर्शिता और जवाबदेही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनहित में सख्त से सख्त कार्रवाई करने से सरकार पीछे नहीं हटेगी।

# रिवर्स पलायन को बढ़ावा देने के लिए प्रवासी पंचायतों का राज्यभर में आयोजन किया जाए

## ग्रामीण आजीविका बढ़ाने के लिए राज्य सरकार कर रही है ठोस प्रयास : धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग, उत्तराखण्ड की 10वीं बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि पलायन की समस्या राज्य के लिए एक बड़ी चुनौती रही है, लेकिन पिछले चारदृपाँच वर्षों में रिवर्स पलायन को प्रोत्साहित करने की दिशा में राज्य सरकार ने कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आजीविका के साधन बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएँ लागू की गई हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत ऋण लेने पर पात्र लाभार्थियों को अनुदान (सब्सिडी) भी प्रदान की जा रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्यभर में प्रवासी पंचायतों का आयोजन किया जाए, जिनमें देश एवं विदेश



में कार्यरत प्रवासियों को आमंत्रित किया जाए। उन्हें राज्य सरकार की रिवर्स पलायन से जुड़ी पहलों की जानकारी दी जाए और उनके सुझाव भी प्राप्त किए जाएँ। मुख्यमंत्री ने आयोग के सदस्यों से अन्य राज्यों में जाकर रिवर्स पलायन के लिए राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी देने के साथ ही पलायन रोकने और रिवर्स पलायन से जुड़े नवाचारों का अध्ययन करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि त्रियुगीनारायण की तर्ज पर राज्य के 25 नए स्थलों को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जाए। इन स्थलों में सभी मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. एस.एस. नेगी ने बताया कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में अब रिवर्स पलायन का रुझान देखने को मिल रहा है। अब तक लगभग 6282 व्यक्ति वापस अपने गाँवों में लौटे हैं। इनमें देश के भीतर और विदेशों से लौटे लोग भी शामिल हैं। अधिकतर लोग पर्यटन एवं लघु उद्योग के क्षेत्र में कार्यरत हैं और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।बैठक में आयोग के सदस्यों ने रिवर्स पलायन को और गति देने के लिए कई रचनात्मक सुझाव प्रस्तुत किए।बैठक में सचिव विनय शंकर पाण्डेय, धीराज गर्ब्याल, डॉ. श्रीधर बाबू अद्दांकी, सी. रविशंकर, अपर सचिव श्रीमती अनुराधा पाल, डॉ मेहरबान सिंह बिष्ट, चन्द्र सिंह धर्मशक्तू, संतोष बडोनी, सुरेश जोशी, ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग के सदस्य अनिल सिंह शाही, दिनेश रावत, सुरेश सुयाल, राम प्रकाश पैन्यूली एवं श्रीमती रंजना रावत उपस्थित रहे।

## सखी दरबार का आयोजन 25 दिसम्बर को

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सखी दरबार आसन वाले माँजी के आर्शीवाद से सखी दरबार का 55 वां भण्डारा आगामी दिन बृहस्पतिवार 25 दिसम्बर को आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए दरबार के सेवादार मदनलाल वाधवा ने बताया कि 25 दिसम्बर को झण्डा समारोह प्रात: 10 बजे, सत्संग 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक, भण्डारा 12 बजे से 2 बजे तक तथा चौकी सांय 6 बजे से 7 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि सखी दरबार, गाँव हरिदासपुर, रुद्रपुर में आयोजित होगा। दरबार के सेवादार मदनलाल वाधवा ने क्षेत्र की जनता से सपरिवार सखी दरबार भण्डारे में आकर माँ जी का आर्शीवाद लेंने तथा भण्डारों का प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर



चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# कुमायूँ में साइबर ठगी और भूमि धोखाधड़ी पर पुलिस सख्त

## आईजी रिद्धिम अग्रवाल के त्वरित व निर्णायक कार्रवाई के निर्देश,भूमि की खरीद फरोख्त में फर्जीवाड़ा करने वालों की होगी संपत्ति जब्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमायूँ परिक्षेत्र में अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल द्वारा परिक्षेत्र के विभिन्न थानों में पंजीकृत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील अभियोगों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस क्रम में कैम्प कार्यालय, हल्द्वानी में क्षेत्राधिकारियों विवेचकों एवं अभियोग से सम्बन्धित वादियों के साथ एक समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में विशेष रूप से, वरिष्ठ नागरिकों से जुड़ी साइबर धोखाधड़ी तथा लैण्ड फ्रॉड से सम्बन्धित मामलों पर गंभीर मंथन किया गया।वरिष्ठ नागरिक प्रकाश चन्द्र उप्रेती पुत्र स्व. धर्मानन्द उप्रेती निवासी नीलांचल कॉलोनी, फेसख्3, डहरिया, हल्द्वानी ने बताया कि उसके द्वारा वर्ष 2021 में भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी से दो ऑनलाइन बीमा पॉलिसियाँ खरीदी गई थीं। पॉलिसी की धनराशि निकालने के संबंध में उसको एक अज्ञात मोबाइल नंबर से स्वयं को बीमा लोकपाल अधिकारी, हैदराबाद बताने वाले व्यक्ति द्वारा कॉल किया गया। अभियुक्त द्वारा बताए अनुसार उससे विभिन्न बैंक खातों एवं यूपीआई माध्यम से कुल 3.97 लाख रुपए जमा कराए गए। जिसे धोखाधड़ी पूर्वक हड़प लिया गया। वहीं हर्षवर्धन कुमार शर्मा पुत्र कैलाश चन्द्र शर्मा निवासी मकान संख्या ।-14, तपस्या विहार कॉलोनी, गंगापुर रोड, ट्रांजिट कैम्प, रुद्रपुर ने बताया कि अज्ञात अभियुक्त द्वारा उसको टेलीग्राम ऐप के माध्यम से शेयर मार्केटिंग से संबंधित एक लिंक भेजा गया तथा अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया गया। अभियुक्त द्वारा स्वयं को डिजिटल कॉमर्स 360 नामक शेयर मार्केटिंग ऐप से संबंधित दर्शाते हुए, फर्जी एवं भ्रामक तरीकों से ऐप के लाभ प्रदर्शित किए गए। अभियुक्तों ने कंप्यूटर व अन्य तकनीकी संसाधनों का प्रयोग कर उससे ऑनलाइन माध्यम से कुल 9.57 लाख रुपए की धनराशि धोखाधड़ी की गई।। वरिष्ठ नागरिकों के साथ हो रही साइबर ठगी की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आईजी ने ऐसे मामलों में तकनीकी साक्ष्यों के सुदृढ़ संकलन, त्वरित अनावरण तथा ठगी गई धनराशि की शीघ्र रिकवरी को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही साथ आईजी कुमायूँ द्वारा अवगत कराया गया कि साईबर अपराधों से निपटने के लिए समस्त वरिष्ठ , पुलिस अधीक्षक एसटीएफ से समन्वय स्थापित करते हुए एक टीम की तरह कार्य करें। वरिष्ठ नागरिकों हेतु साइबर जागरूकता संदेश वरिष्ठ नागरिकों के साथ हो रही साइबर ठगी की घटनाओं की रोकथाम हेतु परिक्षेत्र के समस्त जनपद प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में साइबर जागरूकता अभियान संचालित करें। इसअभियान के माध्यम से छात्रख्छात्राओं को प्रेरित किया जाए कि वे अपने घरों व रिश्तेदारी में रहने वाले बुजुर्गों को साइबर धोखाधड़ी के प्रति जागरूक करें। बुजुर्गों को बताया जाए कि पेंशन, बैंक या केवाईसी के नाम पर आने वाले किसी भी अनजान कॉल, मैसेज या लिंक का जवाब न दें तथा किसी भी प्रकार की गोपनीय जानकारी साझा न करें। किसी भी संदिग्ध कॉल या मैसेज की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाना अथवा साइबर हेल्पलाइन को दें। भूमि से जुडे धोखाधडी प्रमुख अभियोग में थाना भवाली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बसगाँव में स्थित 13 नाली 7 मुठ्ठी भूमि का दिनांक 16- अगस्त 2024 को जनकिशन एवं मुरलीधर पुत्र हरिदत्त द्वारा फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से मोहन सिंह, निवासी ग्राम छिपी के नाम रजिस्ट्री की गई।स्थानीय ग्रामवासियों के अनुसार उक्त नाम का कोई भी व्यक्ति ग्राम बसगाँव अथवा आसपास के क्षेत्र में निवास नहीं करता। विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि रजिस्टार कार्यालय से प्राप्त आधार कार्ड को सत्यापन कराए जाने पर रिपोर्ट शून्य पाई गई।इसके अतिरिक्त रजिस्ट्री के दौरान प्रस्तुत किए के मोबाइल नंबरों की जांच करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त जिनमें से एक नंबर गुजरात तथा दूसरा राजस्थान राज्य से संबंधित पाया गया। गवाहों को भी 1500 ख्1500 रुपए में खरीदे गए थे। वहीं देवीदयाल पुत्र स्व. धनी राम, निवासी बाजपुर द्वारा वर्ष 2012 में ग्राम हरिपुरा, बाजपुर स्थित खसरा संख्या 259-द, मिन 358/2, कुल रकबा लगभग ढाई एकड़, मौजा पडापुर में स्थित भूमि को अनिल चन्द सैन से क्रय किया गया था। दोनों पक्षों के मध्य अच्छे संबंध होने के कारण अनिल चन्द सैन द्वारा उक्त भूमि पर खेती का कार्य किया जाता रहा तथा भूमि का दाखिलख्खारिज नहीं कराया गया। इसी दौरान उसके पिता के निधन के पश्चात अनिल चन्द सैन द्वारा उक्त भूमि को किसी अन्य व्यक्ति के नाम विक्रय कर दिया गया, जिससे भूमि संबंधी धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया। भूमि धोखाधडी के संबंध में क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि भूमि अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों की जानकारी एकत्र कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की जाए तथा भविष्य में आम जनता को ऐसे व्यक्तियों से सतर्क किए जाने हेतु रजिस्टार कार्यालय में उनका विवरण चस्पा किया जाना सुनिश्चित किया जाए। आईजी ने बताया कि नये आपराधिक कानून में धारा 107 बीएनएसएस के अंतर्गत पीड़ित को मुआवजा दिलाए जाने का स्पष्ट प्रावधान किया गया है। इसके तहत अभियुक्त की अपराध से अर्जित संपत्ति के जब्तीकरण की आख्या जिलाधिकारी को प्रेषित की जाएगी, ताकि अपराध से अर्जित संपत्ति अथवा उससे प्राप्त धनराशि पीड़ित को मुआवजे के रूप में प्रदान की जा सके। समस्त विवेचकों को निर्देशित किया कि वे इस प्रावधान का अधिकतम एवं प्रभावी प्रयोग सुनिश्चित करें। तभी हम वास्तविक अर्थों में पीड़ितख्केंद्रित पुलिसिंग को सशक्त रूप से लागू कर पाएँगे और पीड़ितों को त्वरित न्याय व राहत सुनिश्चित कर सकेंगे। उपरोक्त दोनों प्रकरणों में आईजी द्वारा विवेचकों निर्देश किया कि गुण दोष के आधार पर विवेचनात्मक कार्यवाही कर जितने भी लोग अभियोग से सम्बन्धित आपराधिक घटना में शामिल है उनके विरुद्ध सम्पत्ति जब्तिकरण की कार्यवाही की जाये। इसके अतिरिक्त, भूमि से जुड़े धोखाधड़ी के मामलों में दस्तावेजों की सूक्ष्म जांच, राजस्व अभिलेखों के समन्वय तथा संगठित गिरोहों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए। आईजी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि विवेचनाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए तथा अपराधियों के विरुद्ध कानून के दायरे में रहते हुए निर्णायक और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो।





# अखिल भारतीय किसान मेला 13 से 16 मार्च तक

पंतनगर। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में किसान मेला सलाहकार समिति की बैठक कुलपति प्रो. (डॉ.) मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 119वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन 13 से 16 मार्च 2026 तक विश्वविद्यालय परिसर में किया जाएगा। किसान मेले की इस वर्ष की थीम 'सशक्त महिला, समृद्ध खेती' निर्धारित की गई है। बैठक का संचालन समिति के सदस्य सचिव एवं निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. जितेन्द्र क्वात्रा द्वारा किया गया। बैठक में किसान मेले के सफल आयोजन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। इनमें मेले के लिए विभिन्न समितियों का गठन, किसान गोष्ठियों के दौरान वैज्ञानिकों के व्याख्यान, किसानों का विभिन्न शोध केन्द्रों का भ्रमण, प्रगतिशील कृषकों का सम्मान, स्टाल धारकों को पुरस्कार वितरण तथा प्रस्तावित बजट जैसे विषय शामिल रहे। कुलपति प्रो. चौहान ने निर्देश दिए कि मेले में प्रगतिशील कृषकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाए, ताकि उनके अनुभवों से अन्य कृषक लाभान्वित हो सकें। बैठक में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशकगण, संयुक्त निदेशक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए।



# सांसद भट्ट ने की गैस परियोजना में तेजी की मांग



हल्द्वानी (उद संवाददाता)।पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से दूरभाष पर वार्ता कर नैनीताल जिले की सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन परियोजना में तत्काल आवश्यक कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया। सांसद ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है, जिसमें परियोजना की देरी और उससे उत्पन्न समस्याओं का विस्तृत विवरण दिया गया है। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि उनके लोकसभा क्षेत्र में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन परियोजना प्रगति पर है, लेकिन इसमें लंबित विलम्ब जनहित में गंभीर चिंता का विषय है। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने नैनीताल जनपद में लगभग 400 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जिसमें 12 सीएनजी स्टेशन गतिशील हैं। वर्तमान में रुद्रपुर से हल्द्वानी तक गैस पाइपलाइन का कार्य प्रगति पर है और रापमुर रोड में पाइपलाइन का काम लगभग पूर्ण होने वाला है। कालाढूंगी में 15 से 20 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई गई है, लेकिन लोक निर्माण विभाग के पुनर्स्थापन शुल्क अधिक होने के कारण कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। सांसद अजय भट्ट ने इसके अलावा नैनीताल रोड में लगभग 50-60 वर्ग मीटर भूमि की आवश्यकता बताई है, जिसका प्रस्ताव जिलाधिकारी नैनीताल के पास लंबित है। उन्होंने परियोजना के संचालन में आने वाली प्रमुख समस्याएँ भी उजागर की हैं, जिनमें उच्च पुनर्स्थापन शुल्क, भूमि की कमी, नगरपालिका/नगर निगम प्रक्रियाओं में देरी और पर्वतीय क्षेत्रों में पर्यावरणीय संवेदनशीलता के कारण पाइपलाइन बिछाने में अनुमति की दिक्कत शामिल हैं। अजय भट्ट ने मुख्यमंत्री से अपील की कि लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड शासन द्वारा पुनर्स्थापन शुल्क का युक्तिकरण किया जाए और इसे उत्तर प्रदेश की तर्ज पर कम किया जाए। साथ ही मदर स्टेशन, ब्छळ स्टेशन और क्ब् जैसी प्रमुख सुविधाओं के लिए उपयुक्त भूमि का शीघ्र आवंटन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे न केवल परियोजना में तेजी आएगी बल्कि नागरिकों को गैस आपूर्ति सुचारू रूप से उपलब्ध हो सकेगी। सांसद ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी यह मांग पूरी तरह जनहित में है और परियोजना के शीघ्र पूर्ण होने से स्थानीय लोगों को आधुनिक गैस सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

# पांडव पुत्रों को मारने की कथा सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर

रुद्रपुर । श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन पूज्य स्वामी पद्मनारायणाचार्य महाराज जी ने बताया कि महाभारत युद्ध के अंत में, कौरवों की हार के बाद, द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा ने प्रतिशोध लेने के लिए पांडवों के शिविर पर रात में हमला किया और सोते हुए द्रौपदी के पांचों पुत्रों (उप पांडवों) प्रतिविन्ध्य, सुतसोम, श्रुतकर्मा, शशिन, और श्रुतसेन के सिर काट डाले, जिससे पांडवों और द्रौपदी को गहरा दुःख हुआ, लेकिन बाद में द्रौपदी ने अश्वत्थामा को क्षमा कर दिया, जो भारतीय नारी के महान मूल्यों को दर्शाता है। उन्होंने कथा का सारांश सुनाते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र युद्ध समाप्त हो चुका था और कौरवों की हार हो चुकी थी। अश्वत्थामा अपने पिता द्रोणाचार्य की मृत्यु और अपमान का बदला लेना चाहते थे, जिसके लिए युधिष्ठिर द्वारा कही गई एक छल (अश्वत्थामा की मृत्यु) जिम्मेदार थी। बदले की भावना से भरकर, अश्वत्थामा रात के अंधेरे में पांडवों के शिविर में घुसे, जहाँ पांडव और उनके पुत्र सो रहे थे। उन्होंने सोचा कि वे पांडवों को मार रहे हैं, लेकिन वे वास्तव में पांडवों के पांचों पुत्रों (उपपांडवों) को मार डाला। द्रौपदी के पांचों पुत्रों के नाम प्रतिविन्ध्य (युधिष्ठिर का पुत्र), सुतसोम (भीम का पुत्र), श्रुतकर्मा (अर्जुन का पुत्र), शशिन/शतानीक (नकुल का पुत्र), श्रुतसेन (सहदेव का पुत्र) थे। सुबह जब पांडवों को यह पता चला, तो उन्हें गहरा दुःख हुआ। द्रौपदी ने अपने पुत्रों के शव देखे और विलाप करने लगीं, लेकिन श्री कृष्ण ने उन्हें समझाया और अश्वत्थामा को दंडित करने का मार्ग दिखाया। अर्जुन ने अश्वत्थामा का पीछा किया और उसे पकड़ लिया। श्री कृष्ण के कहने पर, अर्जुन ने अश्वत्थामा के माथे पर लगी मणि (जो उसे अमरत्व देती थी) को निकाल लिया और उसे आजीवन मृत्युहीन कष्ट भोगने का श्राप दिया (हालांकि वह मर नहीं सकता)। द्रौपदी ने, अपने पति अर्जुन के कहने पर, अश्वत्थामा को क्षमा कर दिया। यह क्षमा उनके महान हृदय और क्षमाशीलता का प्रतीक था, जो धर्म और करुणा का संदेश देती है। इससे पूर्व कथा के यजमान सुरेन्द्र राज के परिवार द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। कथा के दौरान कथा व्यास द्वारा सुनाए गए भजनों को सुनकर श्रद्धालु झूमते रहे। इस दौरान विधायक तिलकराज बेहड़, बीना बेहड़, अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, विजय जग्गा, विजय विरमानी, रोहिताश बत्रा, अमित अरोरा बॉबी, राकेश राजदेव, बंटी ग्रोवर, नरेश शर्मा, तिलक घई, सुरेश बब्बर, शशि अरोरा, राज वर्मा, पिंकी ग्रेवी, सीमा जुनेजा, अश्विनी जुनेजा, राकेश सुखीजा, किन्नू शुक्ला, संदीप धीर, संजय जुनेजा, कृष्ण लाल नारंगत, अशोक भल्ला, सुरेन्द्र मिढ्ढा, आकांक्षा अनेजा, बीना बत्रा, रंजना बब्बर, सीमा डूड़ेजा, मंजू राजदेव, मनोरमा देवल, स्नेहा मिढ्ढा, अंजलि ठक्कर, वर्षा अरोरा, बबीता गुप्ता आदि श्रद्धालु मौजूद थे।









उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## भारत और ओमान की साझेदारी

बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में भारत और ओमान के बीच गुरुवार को हुए मुक्त व्यापार समझौते को आर्थिक मोर्चे पर एक दूरगामी असर वाली साझेदारी के तौर पर देखा जा सकता है। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों से दुनिया के कई विकसित और शक्तिशाली देश अपने इर्द-गिर्द एक ऐसा घेरा बनाने की कोशिश में हैं, जिसमें तीसरी दुनिया के देशों की उन पर निर्भरता बनी रहे और वे मन-मुताबिक अपनी सुविधा की शर्तें उन पर थोपते रहें। जबकि पारंपरिक रूप से सहयोगी रहे या फिर नए सिरे से संबंध विकसित करने में रुचि रखने वाले देशों के मामले में भारत का रुख पहले भी परिपक्व और उदार रहा है। इस क्रम में अब ओमान के साथ भारत ने जिस तरह व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता किया है, वह आने वाले समय में न केवल दोनों देशों के आर्थिक संबंधों में एक नया आयाम रचेगा, बल्कि बहुध्रुवीय दुनिया में विकल्पों के नए मोर्चे भी सामने आ सकते हैं। इससे पहले भी भारत ने ताकतवर देशों के प्रभाव में आने के बजाय अपनी जरूरत के मुताबिक सहयोग के मोर्चे पर कदम बढ़ाया है। गौरतलब है कि भारत और ओमान के बीच पिछले करीब सात दशक से अच्छे और कूटनीतिक संबंध रहे हैं। उसी को और मजबूत करने तथा अपने व्यापार को विस्तार देने के उद्देश्य से भारत ने ओमान के साथ अब जिस मुक्त व्यापार समझौते को आकार दिया है, उसके सकारात्मक असर अगले कई दशक तक देखने को मिल सकते हैं। इस करार के बाद दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को नई गति मिलने और खासतौर पर युवाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अवसर खुलने की उम्मीद की जा रही है। समझौते के तहत वस्त्र, कृषि उत्पाद और चमड़े के सामान सहित भारत के अट्ठानबे फीसद निर्यात को ओमान में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। वहां के प्रमुख सेवा क्षेत्रों में भारतीय कंपनियों को विदेशी निवेश की अनुमति में भी बड़ी कामयाबी मिली है। जाहिर है, इस सबसे श्रम की प्रमुखता वाले कई क्षेत्रों को बड़ा लाभ मिलेगा, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और लघु तथा मध्यम उद्योगों के साथ-साथ कारीगरों से लेकर महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को मजबूती मिलेगी। इसके अलावा, खाड़ी क्षेत्र में ओमान ऐसा देश है, जहां भारतीय सेना की तीनों शाखाएं नियमित संयुक्त अभ्यास करती हैं। इस लिहाज से देखें तो भारत को जिस तरह पहले से ही ओमान के दुक्म बंदरगाह पर जरूरत होने पर साजो-सामान के उपयोग की सुविधा मिली हुई है, उसमें नया समझौता सहयोग को और मजबूत करेगा। दुक्म बंदरगाह भारत के लिए एक वैकल्पिक रणनीतिक ठिकाना है और यह भारतीय नौसेना को पश्चिमी हिंद महासागर में मजबूत आधार देता है। ऐसे में दोनों देशों के बीच हुए करार की अहमियत समझी जा सकती है।

# सैनिक स्कूल राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण और नेतृत्व विकास की प्रयोगशाला: राज्यपाल

देहरादून/कपूरथला(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) शुक्रवार को पंजाब में सैनिक स्कूल कपूरथला के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कैडेट्स के हॉस्टल, मैस आदि का भ्रमण कर अपनी पुरानी यादों को साझा किया। गौरतलब है कि राज्यपाल ने इसी स्कूल से अपनी शिक्षा प्राप्त की है। वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि सैनिक स्कूल कपूरथला केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण और नेतृत्व विकास की प्रयोगशाला है। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल कपूरथला उनके जीवन की दिशा निर्धारित करने वाला संस्थान रहा है। इसी परिसर में उन्होंने अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, नेतृत्व और राष्ट्र सेवा के मूल संस्कार आत्मसात किए, जिन्होंने उन्हें भारतीय सेना में सेवा के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने कहा कि सैनिक स्कूलों का उद्देश्य ऐसे युवाओं का निर्माण करना है, जो राष्ट्र को सर्वोपरि रखें और राष्ट्रीय



सुरक्षा में अपना योगदान दें। सैनिक स्कूल कपूरथला ने इस उद्देश्य को सफलतापूर्वक साकार करते हुए सशस्त्र सेनाओं को अनेकों उत्कृष्ट अधिकारी प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय को कई बार 'रक्षा मंत्री ट्रॉफी' से सम्मानित किए जाने को उसकी शैक्षणिक एवं सैन्य उत्कृष्टता का प्रमाण बताया। युवा कैडेट्स को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आज का वैश्विक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है और आधुनिक युद्ध केवल भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं है। साइबर स्पेस, अंतरिक्ष, सूचना तंत्र और तकनीक आज राष्ट्रीय सुरक्षा के नए आयाम बन चुके हैं। उन्होंने कैडेट्स से शैक्षणिक, तकनीकी और बौद्धिक क्षमता के समग्र विकास पर बल देने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय सशस्त्र बल आत्मनिर्भरता, स्वदेशी रक्षा उत्पादन, आधुनिक हथियार प्रणालियों और संयुक्त कमान जैसी पहलों के माध्यम से नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक तभी राष्ट्रहित में प्रभावी होती है जब उसका संचालन मजबूत चरित्र और उच्च नैतिक मूल्यों से हो। सत्यनिष्ठा, साहस, अनुशासन और नेतृत्व-यही सैनिक स्कूलों की सबसे बड़ी देन है। राज्यपाल ने कैडेट्स के अभिभावकों एवं शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उनका त्याग, धैर्य और विश्वास ही इन बच्चों को राष्ट्र सेवा के लिए तैयार करता है।

# 'द ग्रेट हिमालयन रेस्क्यू' उत्तराखंड डॉक्यूमेंट्री के टीजर और पोस्टर का विमोचन

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को निर्देशक ऋषभ कोहली और प्रशांत उपाध्याय के निर्देशन में परिवर्तन पिक्चर के बैनर तले बनी डॉक्यूमेंट्री 'द ग्रेट हिमालयन रेस्क्यू' उत्तराखंड के टीजर और पोस्टर का विमोचन किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 'द ग्रेट हिमालयन रेस्क्यू' डॉक्यूमेंट्री में सामूहिक प्रयास और मानवीय संवेदनाओं का जीवंत चित्रण है। उन्होंने कहा कि सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन उत्तराखंड के इतिहास में एक प्रेरणादायक अध्याय बन चुका है, जहाँ सभी एजेंसियों, प्रशासन और स्थानीय लोगों ने अभूतपूर्व समन्वय के साथ कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से लोग इस अभियान में तकनीकी दक्षता राज्य के



जज्बे की झलक देखेगें। उन्होंने कहा कि यह फिल्म उत्तराखंड की 'संकल्प और सेवा' की भावना का प्रतीक है तथा युवा पीढ़ी को कठिन परिस्थितियों में धैर्य और कर्मनिष्ठा का संदेश देगी। निर्देशक ऋषभ कोहली ने कहा कि यह डॉक्यूमेंट्री, सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन पर आधारित है, जिसमें मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं इस ऐतिहासिक बचाव अभियान की कहानी को विस्तार से सुनाते हैं। उन्होंने कहा कि यह डॉक्यूमेंट्री न सिर्फ तकनीकी चुनौती और मानव जुझारूपन को दर्शाती है, बल्कि उत्तराखंड की जड़ों, भावनाओं और नेतृत्व की सच्ची तस्वीर भी पेश करती है, फिल्म की शूटिंग उत्तराखंड में हुई है। उन्होंने कहा कि डॉक्यूमेंट्री शीघ्र ही ओटीटी के बड़े प्लेटफार्म पर रिलीज होगी। इस अवसर पर उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के सीईओ बंशीधर तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार अनुपम त्रिवेदी,उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के चेयरमैन शादाब शम्स, फिल्म के निर्देशक, ऋषभ के पिता एवं वरिष्ठ पत्रकार नीरज कोहली मौजूद रहे।

# बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या की निंदा

रुद्रपुर। बांग्लादेश के मैमनसिंह जिले में हिंदू युवक दीपू दास की कथित ईशनिंदा के आरोप में हुई हत्या को अत्यंत वीभत्स एवं निंदनीय बताते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित विभिन्न हिंदू संगठनों ने कड़ी निंदा की है। संगठनों ने इस घटना को मानवता के विरुद्ध अपराध बताते हुए बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। संघ के स्वयंसेवकों द्वारा प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर बांग्लादेश में बढ़ती सांप्रदायिक हिंसा पर कठोर कदम उठाने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति चिंताजनक है और वहां अल्पसंख्यक समुदाय स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। उत्तर प्रदेश/उत्तराखंड लोकतंत्र सेनानी संगठन ने भी बांग्लादेश में सांप्रदायिक हिंसा पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है। संगठन के प्रवक्ता एवं लोकतंत्र सेनानी सुभाष चंद्र छाबड़ा, अधिवक्ता, ने बयान जारी कर दीपू दास की हत्या को नृशंस कृत्य बताया तथा घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। संगठनों ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस मुद्दे को उठाते हुए बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए प्रभावी पहल करे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर मुख्य सचिव सख्त

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने शुक्रवार को सचिवालय में प्रदेश में संचालित एवं प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्य में हो रही देरी पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। मुख्य सचिव ने वर्ष 2022-23 में स्वीकृत पिथौरागढ़ख्र बागेश्वर एनएच-309ए परियोजना का प्रस्ताव अब तक भारत सरकार को न भेजे जाने को गंभीर लापरवाही बताते हुए संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने एवं प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। वहीं मार्च 2024 में स्वीकृत काठगोदाम नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए वन एवं वन्यजीव स्वीकृतियों संबंधी डेटा अपलोड में लापरवाही पर अधिशासी अभियंता को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य सचिव ने सभी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की परियोजनाओं की समीक्षा बैठकें नियमित रूप से आयोजित करने तथा सभी विभागों द्वारा अपनी समस्याओं एवं मुद्दों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने पर जोर दिया। उन्होंने



नियमित बहुस्तरीय निगरानी करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारी की अध्यक्षता में लंबित भूमि अधिग्रहण से जुड़ी 3(जी) और 3(डी) की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही, सड़क निर्माण में पेड़ कटान एवं छपान की प्रक्रिया में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए 31 दिसंबर तक कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिए। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से निरंतर समन्वय एवं फॉलो-अप करने के भी निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने एनएचएआई की गतिमान परियोजनाओं-कोटद्वार बाईपास, झाझरा-आशारोड़ी, हरिद्वार- नजीबाबाद तथा देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेस-वे-की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, सी. रवि शंकर, अपर सचिव विनीत कुमार एवं पीसीसीएफ एस.पी. सुबुद्धि सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# एडीएम ने जंगलिया में रात्रि चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएँ

भीमताल(उद संवाददाता)।सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी नैनीताल शैलेंद्र सिंह नेगी ने जंगलिया गांव में पहुँचकर रात्रि चौपाल आयोजित की और ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। इस दौरान उन्होंने आपदा प्रभावित स्थलों का भी निरीक्षण किया और कई महत्वपूर्ण स्थानीय मुद्दों का समाधान करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इनमें गांव के क्षतिग्रस्त पंचायत घर की सुरक्षा दीवार की मरम्मत, राजकीय इंटर कॉलेज जंगलिया में विज्ञान विषय के अंतर्गत इंटर स्तर पर कक्षाएँ शुरू कराने, जंगलिया से बुड़ाधूरा तक सड़क



मार्ग में डामरीकरण कराने तथा बंदरों से होने वाले नुकसान की समस्या शामिल थी। अपर जिलाधिकारी ने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर तत्काल समस्या समाधान के आदेश दिए। उनका कहना था कि सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। इससे पूर्व शैलेंद्र सिंह नेगी ने विकास खंड कार्यालय भीमताल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी, साथ ही स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

# कॉमरेड विनोद मिश्रा बरसी पर 'संकल्प दिवस'का आयोजन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।भाकपा माले की रुद्रपुर इकाई ने कॉमरेड विनोद मिश्रा की 27वीं बरसी पर क्रांतिकारी श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए हेड मास्टर निशान सिंह भवन रुद्रपुर में 'संकल्प दिवस' का आयोजन किया। भाकपा( माले ) के राज्य सचिव कॉमरेड इंद्रेश मैखुरी ने बताया कि 1970 के दशक के शुरुआती भयंकर झटके और बिखराव के बाद भाकपा (माले) को दोबारा खड़ा करने और संगठित करने से लेकर, 1990 के दशक में संघ-भाजपा के बढ़ते खघ्तरनाक हमलों के चुनौतीपूर्ण दौर का मुकाबला करने के लिए पार्टी को तैयार करने तक कॉमरेड विनोद मिश्र ने हमारे लिए एक शानदार, गौरवशाली कम्युनिस्ट विरासत हमारे हवाले की है। उनकी अगुवाई में पार्टी ने हर तरह की बाधाओं को पार किया और भारत के इतिहास व समाज को समझने के लिए अपनी मार्क्सवादी समझ को लगातार विकसित व मजबूत करते हुए व्यापक जन-संघर्षों को खड़ा किया। इस दौरान जिला प्रभारी केके बोरा ने कहा कि दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र और बिहार तक एक के बाद



एक राज्य चुनावों में मिली जीतों से बेलगाम होकर मोदी सरकार ने पूरे देश में अपने फासीवादी हमलों को तेज कर दिया है। 'विशेष गहन पुनरीक्षण' के नाम पर मतदाता सूची से नामों की कटाई की देशव्यापी मुहिम चलाई जा रही है। नए श्रम कोड और निजीकृत शिक्षा के जरिए मजदूर तबके और छात्रों पर कॉर्पोरेट नियंत्रण को और मजबूत किया जा रहा है, मनरेगा की रोजगार गारंटी योजना को खत्म किया जा रहा है, परमाणु सुरक्षा को विदेशी पूंजी के हवाले कर दिया है, बीमा क्षेत्र को सौ प्रतिशत विदेशी निवेश के लिए खोल दिया है। संघीय ढाँचे पर हमला तेज हो चुका है और पूरे देश में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की खाई को जबरदस्ती और गहरा किया जा रहा है। इसके खिलाफ संघर्ष तेज करना ही कामरेड विनोद मिश्र को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। संकल्प दिवस पर नए साल में पार्टी का विस्तार करने, पूरे संगठन को नई ऊर्जा से खड़ा करने, और अपने आंदोलन को और ऊँचाई पर ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार खड़े होकर आने वाले साल में पार्टी संगठन को और अधिक गतिशील, संगठित, अडिग और जुझारू बनाने के लिए अपनी हर ताकत झोंक देने और पूरी ताकघ्त के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया। संकल्प दिवस आयोजन में जिला प्रभारी केके बोरा, जिला सचिव ललित मटियाली, दिनेश तिवारी, अमनदीप कौर, ज्ञानी सुरेन सिंह, अनिता अन्ना, कमलेश कार्की, रंजन विश्वास, उत्तम दास, नरेश, विजय शर्मा, प्रीति, जगजीत कौर, नरेश कुमार, नवजोत सिंह आदि शामिल रहे।

# नाबार्ड की आरआईडीएफ परियोजना के तहत नैनीताल को 18.87 करोड़ रू0 की स्वीकृति

नैनीताल। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) -XXXI के तहत जनपद नैनीताल के लिए कुल 18.87 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है। यह निधि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क, कौशल विकास और रोजगार सृजन के उद्देश्य से विभिन्न परियोजनाओं में उपयोग की जाएगी। यह जानकारी जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड नैनीताल मुकेश बेलवाल ने दी। स्वीकृत परियोजनाओं में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और कौशल विकास एवं रोजगार विभाग की योजनाएँ शामिल हैं। लोक निर्माण विभाग को 9.26 करोड़ की राशि प्रदान की गई है, जिसका उपयोग भीमताल और रामनगर विकासखंडों में दो ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए किया जाएगा। इन सड़कों के बनने से ग्रामीण आबादी को बाजारों, शैक्षणिक संस्थानों, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य बुनियादी सुविधाओं तक आसान पहुँच सुनिश्चित होगी। इससे स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। कौशल विकास एवं रोजगार विभाग को 4.66 करोड़ की स्वीकृति औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), हल्द्वानी में छात्रावास भवन निर्माण के लिए दी गई है। यह परियोजना दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले प्रशिक्षुओं को आवास सुविधा उपलब्ध कराएगी, जिससे तकनीकी शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी तथा रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। वहीं, ग्रामीण कार्य विभाग को 4.95 करोड़ की स्वीकृति ओखलकांडा विकासखंड में एक ग्रामीण सड़क निर्माण के लिए दी गई है। यह सड़क दुर्गम और पर्वतीय क्षेत्रों के गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने में सहायक होगी, जिससे आवागमन सुगम होगा और कृषि, बागवानी एवं स्थानीय उत्पादों के विपणन को प्रोत्साहन मिलेगा। इस अवसर पर श्री मुकेश बेलवाल ने बताया कि ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) नाबार्ड की एक प्रमुख योजना है, जिसके माध्यम से राज्य सरकारों को ग्रामीण सड़कों, पुलों, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और अन्य आधारभूत अवसंरचना परियोजनाओं के लिए दीर्घकालीन वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। उनका कहना था कि इस निधि का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना, रोजगार सृजन, आय वृद्धि और समावेशी विकास को बढ़ावा देना है। श्री बेलवाल ने यह भी स्पष्ट किया कि आरआईडीएफख्रग्ग्प्के तहत स्वीकृत परियोजनाएँ जनपद नैनीताल में ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार लाने, क्षेत्रीय असमानताओं को कम करने और जनपद के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# बाबा फतेह सिंह के जन्मदिन पर नवोदय स्कूल में गोष्ठी आयोजित

## पालिकाध्यक्ष मनोज गुंबर एवं भाजपा नेत्री ज्योति अरोड़ा ने किया शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। गुरु गोविंद सिंह जी के चार पुत्रों में से छोटे सुपुत्र बाबा फतेह सिंह के जन्मदिन पर ग्राम रामजीवन पुर स्थित नवोदय बाल विद्यालय में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिकाध्यक्ष मनोज गुंबर ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी ने देश धर्म के लिए सारे परिवार की कुर्बानी देकर देश की अस्मिता की रक्षा की। उन्होंने बाबा फतेह सिंह के जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए सभी को उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष ज्योति अरोड़ा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सभी बच्चों से अपने शिक्षण काल में महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। साथ ही उन्होंने बच्चों को बाबा फतेह सिंह के जन्मदिन की हार्दिक बधाई प्रदान की।



इस मौके पर बच्चों द्वारा तालियां बजाकर एवं बैज लगाकर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र सिंघ ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह के दो बड़े सुपुत्र बाबा अजीत सिंह,जुझार सिंह दुश्मन के खिलाफ जंग करते हुए तथा बाबा जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह दीवार में चुनकर धर्म की रक्षा के लिए शहीद हुए ,इस अवसर पर बच्चों को नशा मुक्ति अभियान के लिए संकल्प भी करवाया गया। पालिकाध्यक्ष मनोज गुंबर द्वारा चने के प्रसाद वितरण का भी शुभारंभ करवाया गया। इससे पूर्व बच्चों ने स्कूल परिसर में प्रधानाचार्य के नेतृत्व में सफाई अभियान एवं वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शुक्ला,अंकिता गुप्ता,आशा मैम,अंशु मैम, बाबा गुरबचन सिंह,विशद् कुमार, राजेश कुमार,अनुज कुमार के अलावा दिव्या,गगन, ऋतिक, सोनू, जूही, दीपा, रोशनी,रौनक, दिव्यांश, लक्की, प्रिया, विधि, भावना, रोशनी सहित तमाम बच्चे मौजूद रहे।


# राजकीय इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव और प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा रहे। उन्होंने छात्रों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि नशे से दूरी और लगातार मेहनत ही उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी कुंजी है।



कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा और प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, जिला शिक्षा अधिकारी और प्रधानाचार्य ने विद्यालय की वार्षिक पत्रिका "प्रज्ञान" का विधिवत विमोचन किया।प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान कैबिनेट मंत्री ने विद्यालय के मेधावी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में असफलताएं और कठिनाइयां सफलता की सीढ़ी होती हैं, आवश्यकता है केवल आत्मविश्वास बनाए रखने और लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास करने की।मंत्री ने विद्यार्थियों से शिक्षा को जीवन का मजबूत आधार बनाकर समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल, खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा, सहकारी समिति अध्यक्ष केपी मंडल सहित कई जनप्रतिनिधि, शिक्षक गण और अभिभावक उपस्थित रहे।

# अमावस पर गुरूद्वारा में सजा धार्मिक दीवान



गदरपुर(उद संवाददाता)। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंदसर नवाबगंज उत्तराखंड/उत्तर प्रदेश में अमावस्या के पर्व पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ के भोग के उपरांत भारी दीवान सजाए गए। कार्यक्रम के समापन पर ग्रंथी भाई जसवीर सिंह द्वारा सर्वत्र सुख शांति की अरदास की गई। दिन भर गुरु का लंगर भी अटूट बांटा गया। गु.श्री गुरु हरगोबिंद सर में आयोजित अमावस्या के कार्यक्रम में रागी भाई हरजीत सिंह और शरणजीत सिंह ने गुरबाणी कीर्तन तथा भाई नरेंद्र सिंह, जसवीर सिंह द्वारा गुरबाणी की व्याख्या एवं ऐतिहासिक पक्ष का वर्णन किया गया। वहीं कवीशर भाई दविंदर सिंह ताज, भाई सुखचौन सिंह और भाई सतनाम सिंह शौंकी के जत्थों ने गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों,पिता गुरु तेग बहादुर एवं माता गुर्जर कौर की देश एवं धर्म की खातिर दी गई कुर्बानियों का कविता के माध्यम से वर्णन किया। इस दौरान गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार वीर अनूप सिंह ने कहा कि क्षेत्र की संगत का गुरु घर में सेवा करने और हाजिरी लगवाने पर आभार जताया, उन्होंने कहा हर अमावस पर भारी दीवान सजाए जाते है गुरु का लंगर अटूट बांटा जाता है, वही दुकानदारों द्वारा भी दूर-दराज से आकर अपने सामान की बिक्री किए जाने का क्रम जारी है। उन्होंने मीरी पीरी खालसा अकैडमी रतनपुरा में अपने बच्चों को प्रवेश दिलाए जाने की भी अपील की कार्यक्रम का संचालन भाई करमजीत सिंह ने किया।

# मृत्युपरांत भी दुनिया देख सकेंगी स्वर्गीय श्रीराम अरोड़ा की आंखें

रुद्रपुर। ओमेक्स कॉलोनी निवासी स्वर्गीय श्रीराम अरोड़ा के देहावसान के उपरांत उनके पुत्र श्री तरुण अरोड़ा एवं परिवारजनों द्वारा नेत्रदान हेतु सहमति प्रदान कर एक अनुकरणीय और प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया गया। परिजनों के सहयोग से यह नेत्रदान प्रक्रिया रुद्रपुर महाराजा अग्रसेन ग्लोबल चौरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन श्री एस.के. मित्तल की उपस्थिति में तथा डॉ. एल.एम. उप्रेती के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। आई टेक्नीशियन मनीष रावत द्वारा नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की गई। इस अवसर पर श्री राकेश दुनेजा, श्री प्रीतपाल सिंह सहित अन्य परिजन भी उपस्थित रहे। इस पुण्य कार्य के लिए महाराजा अग्रसेन ग्लोबल चौरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टियों ने राकेश दुनेजा, भारत विकास परिषद एवं सोचो डिफरेंट संस्था के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं एवं समाज के लोगों से भी नेत्रदान जैसे महादान में सहयोग करने की अपील की गई। नेत्रदान के इस कार्य से स्वर्गीय श्रीराम अरोड़ा की आंखें अब किसी जरूरतमंद के जीवन में नई रोशनी बनेंगी।



# पेज एक का शेष...

**किसानों की खुशहाली..**और देश की कृषि तथा उद्योग दोनों ही क्षेत्रों में समृद्धि आए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता किसानों की आय बढ़ाना, स्वरोजगार को प्रोत्साहित करना और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार इन क्षेत्रों में लगातार नई पहल करती रहेगी और हर गाँव तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक सविता कपूर, प्रदीप बत्र, रवि बहादुर, राज्य मंत्री बलराज पासी, स्वामी यतीश्वरनानंद जी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मशरूम ग्राम के उदघाटन के साथ ही किसानों और महिलाओं को इस क्षेत्र में प्रशिक्षण और तकनीकी सहयोग देने का भी निर्देश दिया।

**बकाया भुगतान ..**के आदेश पर सीबीआई जांच चल रही है तथा तत्कालीन निदेशक हरमिंदर सिंह बवेजा को निलंबित भी किया जा चुका है। तभी से एप्पल मिशन के तहत किसानों का भुगतान अटका हुआ है।सेब उत्पादक किसानों का कहना है कि लंबे समय से किसान सरकार से भुगतान की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। किसानों के अनुसार स्वीकृत पूरी धनराशि एक साथ जारी होनी चाहिए , लेकिन आधे से भी कम भुगतान होने से किसान हताश हैं। उनका कहना है कि ऐसी स्थिति में किसान भविष्य में एप्पल मिशन या कीवी मिशन जैसी योजनाओं से कैसे जुड़ने का भरोसा कर पाएंगे।किसानों का मानना है कि यदि समय पर पूरा भुगतान नहीं हुआ तो बागवानी योजनाओं के प्रति उनका भरोसा टूट जाएगा।

**रम्पुरा के युवक की ...**से पीटकर छत से नीचे फैंक दिया। गंभीर हालत में सचिन को रूद्रपुर के गौतम हॉस्पिटल भर्ती कराया गया जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए राम मूर्ति अस्पताल रैफर कर दिया गया। जहां 28 नवंबर को सचिन कोली की मौत हो गयी। मामले को लेकर पूर्व में ठुकराल की अगुवाई में एसएसपी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया था जिसके बाद एसएसपी के निर्देश पर बाजपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक बाबू राम उर्फ नन्हे नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जबकि अन्य आरोपी अभी तक फरार हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी में पुलिस के ढुलमुल रवैये को लेकर शनिवार को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की अगुवाई में रम्पुरा के लोगों ने बाजपुर कोतवाली पहुंचकर सीओ विभव सैनी एवं एसएसआई जसविंदर सिंह का घेराव किया। इस दौरान ठुकराल ने कहा कि सचिन की हत्या के वास्तविक मुल्जिम अभी तक फरार हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो बाजपुर कोतवाली में अनिश्चित कालीन धरना देंगे। सीओ ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। घेराव करने वालों में पार्षद दर्शन कोली, विजय वाजपेयी, ललित बिष्ट, कुंवर पाल कोली, दिनेश कोली, अमित कुमार, ओमप्रकाश कोली, तुलाराम कोली, हिम्मत सिंह, पूरन कोली, किशन कोली, नीरज, जितेन्द्र, राकेश, गोपाल, चन्द्रसेन, कुलदीप, ओमप्रकाश, राकेश, सन्नी, भगवानदास, संजीव, दिनेश, गोविंद, विक्की, बंटी, महेश, जुगल, भगीरथ, नन्हे, कांती, सुरेश, नन्हे, कांती, गंगा देवी, बेबी, नन्हीं, किरन आदि मौजूद रहे।

**बैंक ऋण धोखाधड़ी...**जांच में पाया गया कि रविन्द्र सिंह नेगी ने ऋण की धनराशि का सही उपयोग नहीं किया। बैंक की तफ्तीश के अनुसार, ऋण की कुल 75 लाख रुपये की राशि का एक बड़ा हिस्सा रविन्द्र सिंह नेगी की बहन कंचन सिंह, बहनोई शिव कुमार सिंह और पवन कुमार सिंह के खातों में ट्रांसफर कर लिया गया। इसके अतिरिक्त, मशीनरी खरीद के लिए प्रस्तुत बिल फर्जी पाए गए। बैंक ने पाया कि जीएसटी बिलों को जाली तरीके से तैयार किया गया और वास्तविक भुगतान संबंधित कंपनियों को नहीं किया गया। बैंक ने इस धोखाधड़ी की जानकारी अपने हेड ऑफिस को दी और वैधानिक कार्रवाई के निर्देश प्राप्त किए। हालांकि, शिकायतकर्ता ने बताया कि वह पहले कोतवाली रूद्रपुर पुलिस के पास तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराने का प्रयास कर चुके थे, लेकिन रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई। इस वजह से उन्होंने न्यायिक मजिस्ट्रेट, रूद्रपुर की शरण ली, जिसके आदेश पर थाना रूद्रपुर पुलिस ने अब एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि योजना बनाकर की गई धोखाधड़ी भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 120बी, 406, 467 और 468 के अंतर्गत आती है। पुलिस अब फर्म और संबंधित व्यक्तियों के खातों व लेन-देन का विश्लेषण कर विस्तृत जांच कर रही है।

**लापरवाही से बच्चे...**अनुसार, डॉ. गुरदीप ने उन्हें इन्जेक्शन लगाया, जिसके तुरंत बाद अंशुल बेहोश हो गया और उसका शरीर नीला पड़ गया। परिजन घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन डॉक्टर ने किसी भी प्रकार की तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध नहीं कराई। इसके बाद परिवार ने बच्चे को नारायण अस्पताल, रूद्रपुर ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया और उसे राममूर्ति अस्पताल, भोजीपुरा रेफर किया। रिपोर्ट के अनुसार, राममूर्ति अस्पताल में दिनांक 24 जुलाई से 28 जुलाई 2025 तक उपचार के बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद अंशुल को फोर्टिस अस्पताल, दिल्ली रेफर किया गया, लेकिन 30 जुलाई 2025 की रात लगभग 10:15 बजे चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिकायत में बताया गया है कि डॉक्टर गुरदीप पिछले 15 वर्षों से क्लीनिक चला रहे हैं और पहले भी उनकी लापरवाही के कारण मरीजों की मृत्यु हो चुकी है। प्रार्थी ने कहा कि डॉक्टर ने अपने द्वारा लगाए गए इन्जेक्शन का विवरण साझा नहीं किया, जिससे साक्ष्य मिटाने की आशंका है। रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली रूद्रपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**ऑनलाईन निवेश के नाम...**यूपीआई और आरटीजीएस से स्थानांतरित की। पीड़ित के अनुसार, ऐप पर उनकी राशि लाभ के साथ दिखाई जा रही थी, लेकिन जब उन्होंने 12 दिसंबर 2025 को पैसा निकालने का प्रयास किया, तो उन्हें ब्रोकरेज और इनकम टैक्स के नाम पर अतिरिक्त भुगतान करने को कहा गया। साथ ही, 17 दिसंबर 2025 को उनकी संपूर्ण राशि कथित रूप से आईसीआईसीआई प्रूडेंशल इंडिया लिमिटेड में डाल दी गई। इसके बाद उनसे 13,01,280 रुपये और मांगे गए। तभी जयकिशन को एहसास हुआ कि एंजल वन इंडिया लि.का कोई वास्तविक टाइअप नहीं था और यह पूरी योजना फर्जी प्रतिनिधि द्वारा की गई ऑनलाइन धोखाधड़ी थी। जयकिशन ने मामले की जानकारी साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर भी दी थी। साइबर क्राइम पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**लापता वृद्ध का ..**वह तुरंत ट्रेनिंग सेंटर पहुंचे जहां उन्होंने मृतक की शिनाख्त जयसिंह के रूप में की। इधर मामले की जानकारी मिलने पर पुलिसकर्मी भी वहां आ गये। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

**अज्ञात वाहन की ...**जानकारी मिलने पर छत्रपाल के परिजन भी गये और उसे उपचार के लिए तत्काल जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि मृतक छत्रपाल अपने चार भाईयों में सबसे बड़ा था।


### सूचना नाम परिवर्तन

सूचित किया जाता है कि कुछ अभिलेखों में मेरा नाम ईशा अरोरा पत्नी संजीव कुमार अंकित है। मुझे वर्तमान में ईशा अरोरा के बजाय बबीता कामरा के नाम से ही जाना, पहचाना एवं पुकारा जाता है। अत: अभिलेखों में भी मेरा नाम ईशा अरोरा से परिवर्तित कर बबीता कामरा पत्नी संजीव कुमार अंकित किया जाये।

बबीता कामरा पत्नी श्री संजीव कुमार निवासी- मकान नम्बर 170 /4, वार्ड नं. 19, आवास विकास ,रूद्रपुर (उधमसिंह नगर)उत्तराखण्ड



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# घर में घूमते दिखे भालू और दो बच्चे

## जंगल गई महिला पर भालू का हमला,अस्पताल में भर्ती:भालुओं के आतंक से लोगों में भारी आक्रोश





गोपेश्वर। बंड क्षेत्र के लुहां गांव में घास लेने जंगल गई एक महिला पर भालू ने हमला कर दिया। महिला जान बचाकर दौड़ी और खाई में जा गिरी। गनीमत रही कि वह खाई में एक पेड़ पर अटक गई। अन्य महिलाओं ने उसकी आवाज सुनी तो वह शोर मचाते हुए मौके पर पहुंचीं तो भालू भाग गया। परिजनों ने महिला को घायल अवस्था में खाई से निकाला और जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है। लुहां गांव में पिछले कुछ समय से भालू की दहशत बनी हुई है। घटना बीते बृहस्पतिवार सुबह 10 बजे की है। लुहां गांव के प्रकाश सिंह की पत्नी मीना देवी (42) गांव की अन्य महिलाओं के साथ गांव के समीप जंगल में घास लेने के लिए गई थीं। भंडार तोक में झाड़ियों में छिपे भालू ने अचानक मीना पर हमला कर दिया। मीना शोर मचाते हुए जान बचाकर दौड़ी और खाई में जा गिरी। अन्य महिलाओं ने जब चिल्लाने की आवाज सुनीं तो वे शोर मचाते हुए वहां पहुंचीं जिन्हें देख भालू जंगल की ओर भाग गया। महिलाओं ने मीना को खोजा तो वह खाई में एक पेड़ पर अटकी मिली। ग्राम प्रधान भुवना देवी ने बताया कि महिलाओं ने जंगल से ही फोन पर परिजनों को इसकी सूचना दी। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मीना को खाई से निकाला। उसके हाथ, पांव, पीठ और सिर पर जख्म हुए हैं। इसके बाद देर शाम महिला को अस्पताल पहुंचाया गया। युवक मंगल दल अध्यक्ष मुकेश नेगी ने वन विभाग के अधिकारियों से गांव में गश्त बढ़ाने की मांग की। मीना की कुशलक्षेम पूछने शुक्रवार को लुहां गांव की महिला मंगल दल की महिलाएं अस्पताल पहुंची थीं। शकुंतला देवी, सतेश्वरी देवी, उमा, सुशीला देवी, संगीता राणा, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सुनील कोठियाल ने पीड़ित परिवार को मुआवजा देने और भालू को खदेड़ने की मांग उठाई।

## मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय वन मंत्री के साथ की मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर चर्चा

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से दूरभाष पर वार्ता कर राज्य में बढ़ रही मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस समस्या को कम करने के लिए वन विभाग एवं प्रशासन द्वारा प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं तथा हिंसक वन्य जीवों को नियंत्रित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने इस गंभीर चुनौती से निपटने के लिए अतिरिक्त संसाधनों और सहयोग का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन देते हुए वैज्ञानिक प्रबंधन, आधुनिक तकनीक और त्वरित राहत व्यवस्था पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने केंद्र के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार मानव सुरक्षा और वन्यजीव संरक्षण के बीच संतुलन बनाकर कार्य कर रही है।

## भटवाड़ी में रात को घर दो बच्चों के साथ घर में घुसा भालू
## पोखरी में भालू ने गोशाला तोड़कर तीन गायों को मार डाला

भटवाड़ी। जिले में लगातार भालुओं की दहशत बढ़ती जा रही है। टकनौर क्षेत्र के मल्ला गांव सहित कई गांवों में भालू घरों की छतों और आंगन में घूम रहे हैं। इस कारण लोग अंधेरा होने के बाद घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। ऐसी ही एक घटना भटवाड़ी ब्लॉक के मल्ला गांव में देखने को मिली है। यहां एक भालू और उसके दो बच्चे घर के आंगन में घूमते हुए मिले। इसके बाद भालू अपने दो बच्चों के साथ घर में घुस गया। भालुओं के घर में घुसने की घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। भालू घर में घुसकर भोजन ढूंढने लगा। काफी देर तक भालू और उसके बच्चे घर में चहल-कदमी करते रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग की ओर से भालू की दहशत को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। पूर्व में भी भालू के भय से भागने पर जंगल में दो महिलाओं की मौत हो चुकी है। इससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। भालुओं के घर में घुसने की घटना सीसीटीवी में कैद हुई है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



**पोखरी (चमोली)।** बृहस्पतिवार रात को भालू ने कलसिर और सेम गांव में गोशाला तोड़कर तीन गायों को मार डाला। हर दिन भालू की घटनाएं होने से लोगों में भय बना हुआ है। सेम गांव में बृहस्पतिवार रात को भालू ताजबर सिंह भंडारी की गोशाला की छत तोड़कर अंदर घुस गया और वहां बंधी गाय को मार डाला। परिजनों को सुबह घटना की जानकारी लगी। महावीर सिंह रावत, अवधेश रावत ने बताया कि भालू आस-पास ही घूम रहा है। उन्होंने वन विभाग से गश्त बढ़ाने और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग के वन क्षेत्राधिकारी नवल किशोर ने बताया कि क्षेत्र में गश्त के लिए टीम भेज दी गई है। वहीं कलसिर गांव के बलवंत सिंह ने बताया कि भालू ने यदुवीर सिंह नेगी की गोशाला की छत तोड़कर एक बैल को मार दिया। गांव में एक अन्य गोशाला को भी नुकसान पहुंचाया और गाय को मार डाला।




## झगड़पुरी में अवैध खाल गोदाम पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, परिसर सील

गदरपुर (उद संवाददाता)। प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम झगड़पुरी में मोहम्मद निजाम के घर से लगे एक गोदाम पर प्रशासन द्वारा संयुक्त छापेमारी की गई। यह कार्रवाई उपजिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, पुलिस तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम द्वारा की गई। छापेमारी के दौरान गोदाम में भैंस जैसे बड़े पशुओं की खालों के लगभग 35 ढेर पाए गए। निरीक्षण में खालों से खून व गंदगी का लगातार रिसाव होता पाया गया, जिससे क्षेत्र में गंभीर स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय खतरा उत्पन्न हो रहा था। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उक्त परिसर को सील कर दिया तथा परिसर को पूर्व प्रधान की सुपुर्दगी में सौंपा गया। मौके पर ही सभी संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण कर संयुक्त आख्या (रिपोर्ट) तैयार की गई। प्रशासन द्वारा बताया गया कि इस मामले में न्यायालय परगनाधिकारी स्तर से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 की धारा 152 के अंतर्गत संबंधित को नोटिस जारी करने की कार्रवाई की जा



रही है। आगे की विधिक कार्रवाई रिपोर्ट के आधार पर अमल में लाई जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है।

